कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 333, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 29 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा और विकास के मुद्दे पर दिल्ली में हाई लेवल मीटिंग की**

## जे&के: सुरक्षा पर हुई हाई लेवल मीटिंग






**नई दिल्ली: गृह मंत्री** अमित शाह ने बुधवार को लेह-लद्दाख और जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा और विकास के मुद्दे पर दिल्ली में हाई लेवल मीटिंग की है। इसमें गृह सचिव, एनआईए, बीएसएफ-बीएसएफ के अधिकारी और एलजी मनोज सिन्हा मौजूद रहे। यह मीटिंग जम्मू के सिधरा में सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ के बाद बुलाई गई है। इसमें 4 आतंकी मारे गए थे। इसके बाद ही, गृह मंत्रालय अलर्ट हो गया।

**ट्रक में आए आतंकी:** 4 आतंकी एक ट्रक से सिधरा आए थे। आतंकियों की खबर लगते ही सुरक्षाबलों ने उन्हें घेर लिया। सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को ढेर कर दिया है। आतंकी जिस ट्रक से आए थे, उसमें भी आग लग गई है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से भारी संख्या में हथियार बरामद किए हैं। मुठभेड़ के दौरान 7 एके-47 राइफल, 3 पिस्टल और गोला-बारूद बरामद किया गया है। अभी ट्रक मालिक की पहचान नहीं हो सकी है। बुधवार सुबह जम्मू में सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को मार गिराया था। इसके बाद गृह मंत्रालय की ओर हाई लेवल मीटिंग बुलाई गई। बुधवार सुबह जम्मू में सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को मार गिराया था। इसके बाद गृह मंत्रालय की ओर हाई लेवल मीटिंग बुलाई गई। जम्मू के सिधरा इलाके में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि अभी इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

कुछ और आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि आतंकवादी ट्रक से कश्मीर की ओर जा रहे थे। हो सकता है 26 जनवरी या उसके आस-पास ये बड़ी साजिश को अंजाम देने जा रहे हों। उन्होंने बताया कि जिस ट्रक को पकड़ा गया है, उसमें भारी संख्या में गोला-बारूद बरामद हुआ है।

### भारतीय सीमाएं हो गईं हैं अभेद्य : भाजपा

**जम्मू।** जब से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तहत भारतीय सीमाएं अभेद्य हो गई हैं, तब से दुश्मन देशों और मादक पदार्थों के तस्करों को अपने नापाक मंसूबों पर टिके रहने में कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है। आज चीनी आक्रमण हो, पाक द्वारा आतंकवादियों की घुसपैठ या नशीले पदार्थ आदि हों, हमारे बहादुर सैनिकों और हमारी सीमाओं की रक्षा करने वालों द्वारा विफल किया जा रहा है, जो हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। यह बात भाजपा के जम्मू-कश्मीर के कार्यकारी सदस्य रमन सूरी ने कही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एटीएस गुजरात द्वारा एक पाकिस्तानी नाव के चालक दल के 10 सदस्यों की गिरफ्तारी के साथ-साथ हथियार, गोला-बारूद और ड्रग्स की जब्ती यह समझने के लिए काफी है कि हमारी बेल्ट फोर्स कितनी सतर्क है। कितनी तेजी से उन्होंने भारत में 300 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थों को धकेलने के दुश्मन राष्ट्र के प्रयास को विफल कर दिया। उन्होंने कहा, चाहे सियाचिन के ठंडे रेगिस्तान की सीमाएं हों, जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे दुर्गम इलाके हों, गुजरात के रेगिस्तान हों या महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के तट हों, हमारी सेना उन सभी का कुशलता से मुकाबला कर रही है और यही कारण है कि चीनियों को पीछे धकेल दिया गया, इस नाव को जब्त कर लिया गया और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन के माध्यम से हथियार और गोला-बारूद गिराने के सभी प्रयासों को कुशलतापूर्वक विफल कर दिया गया।

## चार आतंकी ढेर, हथियार और गोला बारूद बरामद



**जम्मू।** जम्मू जिले के बाहरी क्षेत्र सिदडा में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार आतंकी मारे गए हैं। तलाशी लेने पर मौके से हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए है। आतंकी जिस ट्रक में सवार थे, उसका चालक फरार हो गया है। उसे पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। जम्मू जोन के एडीजीपी मुकेश सिंह ने मीडिया को बताया कि गणतंत्र दिवस की सुरक्षा के मद्देनजर हमने सीमा सुरक्षा ग्रिड को सतर्क कर दिया था। राजमार्ग पर आमतौर पर ट्रक की आवाजाही दोपहर 12 बजे के बाद होती है। बुधवार सुबह राजमार्ग पर क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) ने एक ट्रक की असामान्य आवाजाही देखी। क्यूआरटी ने आज सुबह 7 बजे सिदडा नाके पर एक ट्रक को तलाशी के लिए रोका।

## ओबीसी आरक्षण: आयोग का हुआ गठन

### सेवानिवृत्त न्यायाधीश राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय आयोग गठित



**लखनऊ:** स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को लेकर छिड़ी बहस के बीच उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बुधवार को बड़ा फैसला लेते हुए ओबीसी आयोग का गठन कर दिया। सेवानिवृत्त न्यायाधीश राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में गठित आयोग में कुल पांच सदस्य होंगे। सरकार ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव में अब पिछड़ा वर्ग आरक्षण का निर्धारण होगा। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंगलवार को ओबीसी आरक्षण लागू किये बिना ही यूपी में निकाय चुनाव कराने के निर्देश सरकार को दिये थे। इसके बाद सरकार की ओर से स्पष्ट कहा गया था कि बिना पिछड़ा वर्ग आरक्षण के उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव संपन्न नहीं कराए जाएंगे। सरकार की ओर से इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने की बात भी कही गयी थी। वहीं अब प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मद्देनजर पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर दिया गया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में सेवानिवृत्त न्यायाधीश राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनायी गयी है।

इसमें अवकाशप्राप्त दो आईएएस चोब सिंह वर्मा और महेन्द्र कुमार तथा दो भूतपूर्व अपर विधि परामर्शी संतोष कुमार विश्वकर्मा एवं बृजेश कुमार सोनी को आयोग का सदस्य नामित किया गया है। आयोग निकाय चुनाव में ओबीसी वर्ग को आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। उस रिपोर्ट के आधार पर ही सरकार निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण निर्धारित करेगी।

## हिरनों के बाड़े में आवारा कुत्तों के झुंड ने किया हमला, सदमे से 21 हिरणो की मौत

**झूंसी। थाना** क्षेत्र के छतनाग गांव स्थित एमपी बिरला गेस्ट हाउस परिसर के बाड़े में रखे गए हिरनों के कुनबे पर सोमवार की आधी रात को आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। आवारा कुत्ते तकरीबन छह फीट ऊंचे बाड़े की बैरीकेटिंग को फांदकर भीतर घुसे थे। कुत्तों के हमले में 20?? हिरन तथा एक चिंकारे की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह गेस्ट हाउस में काम करने वाले कर्मचारियों की नजर बाड़े में खून से लथपथ मरे पड़े हिरनों के झुंड पर पड़ी तो सन्न रह गए। मामले की जानकारी तत्काल वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम मंगलवार की दोपहर गेस्ट हाउस पहुंची तथा मारे गए हि?रनों का पशु चिकित्सकों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। बाद में सभी हिरनों को गेस्ट हाउस परिसर में ही दफन कर दिया गया। एक साथ डेढ़ दर्जन से ज्यादा हिरनों की मौत से ग्रामीणों में भी खलबली मची रही।झूंसी के छतनाग गांव में बिरला के स्कूल, अस्पताल के साथ ही विशालकाय भू भाग पर गेस्ट हाउस भी है। बिरला आनंद कानन गेस्ट हाउस परिसर के भीतर सभी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। पर पिछले कई साल से गेस्ट हाउस में किसी का भी प्रवेश वर्जित है। यहां पर कभी-कभार झूंसी थाने में तैनात पुलिसकर्मी ही आते-जाते रहते हैं। गेस्ट हाउस परिसर के भीतर विशाल भू भाग पर हिरनों के एक कुनबे को भी बाड़ा बनाकर रखा गया है। वन विभाग से लाइसेंस मिलने के बाद हिरनों के बाड़े को स्थापित किया गया था। डेढ़ दर्जन से ज्यादा हिरन यहां पर तकरीबन डेढ़ दशक से रखे गए हैं। गेस्ट हाउस परिसर से सटा हिस्सा गंगातट का किनारा है। यहां पर भारी मात्रा में आवारा कुत्ते हैं। इसी बीच सोमवार की देर रात को तकरीबन एक दर्जन कुत्तों के झुंड ने हिरनों के बाड़े पर हमला कर दिया। आवारा कुत्तों का झुंड हिरनों के बाड़े के तकरीबन छह फीट ऊंचे बैरिकेटिंग को फांदकर भीतर घुसा था। एक साथ घुसे कुत्तों के झुंड ने हिरनों पर हमला बोल दिया। इनमें से सात से ज्यादा हिरनों को कुत्तों के झुंड ने नोचकर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया था। अन्य हिरनों पर पर भी कुत्तों के झुंड ने हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। कुत्तों के हमले में 20 हिरन तथा एक चिंकारे की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह गेस्ट हाउस में काम करने वाले कर्मचा?रियों की नजर बाड़े में खून से लथपथ मरे पड़े हिरनों के झुंड पर पड़ी तो सन्न रह गए। मामले की जानकारी कर्मचारियों ने तत्काल वन विभाग के कर्मचारियों को दी। इस पर वन क्षेत्राधिकारी फूलपुर अशोक कुमार, वन दरोगा इंद्रकांत सिंह के अलावां पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची। बाद में सभी हिरनों का पोस्टमार्टम करने के बाद उन्हें गेस्ट हाउस परिसर में ही दफना दिया गया। एक साथ डेढ़ दर्जन से ज्यादा हिरनों की मौत से लोगों में भी खलबली मची रही।

### असम में ओलावृष्टि ने तबाही मचाई

**गुवाहाटी: असम** में भीषण ओलावृष्टि ने तबाही मचाई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, तिनसुकिया, चराइदेव, शिवसागर और डिब्रूगढ़ जिलों के 132 गांवों में ओलावृष्टि से 4,400 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इससे लगभग 18,000 लोग प्रभावित हुए हैं।

ओलावृष्टि से 4,481 घरों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। कुल 1,401 खेत और परिवार प्रभावित हुए हैं और चराइदेव जिले में 172.73 हेक्टेयर फसल क्षेत्र ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हुआ है।

## बूस्टर के बाद नहीं ले सकेंगे नेजल वैक्सीन




**नई दिल्ली:** देश में नेजल वैक्सीन उन लोगों को नहीं लगाया जा सकता है जिन्होंने बूस्टर खुराक ली है। यह बात भारत के वैक्सीन टास्क फोर्स के चीफ डॉ. एनके अरोड़ा ने कही है। उन्होंने कहा कि ये वैक्सीन अपने आप में बूस्टर डोज है। पहले ही जिन्होंने इस डोज को लगवा लिया है, वे इसे न लें। केंद्र ने दुनिया की पहली नेजल कोरोना वैक्सीन को 23 दिसंबर को मंजूरी दी थी। कोवैक्सिन बनाने वाली हैदराबाद की भारत बायोटेक ने इसे वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के साथ मिलकर बनाया है।

**कोविन प्लेटफॉर्म में चौथी खुराक का ऑप्शन नहीं:** डॉ. अरोड़ा ने बताया कि कोविन प्लेटफॉर्म में चौथी खुराक का ऑप्शन नहीं रहेगा। अगर कोई व्यक्ति सोचे कि उसने बूस्टर डोज पहले ही ले लिया और अब नेजल वैक्सीन लगवा ले तो उसे ये ऑप्शन नहीं मिलेगा। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि इस पर फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि नेजल वैक्सीन लेने के बाद बॉडी को बूस्टर की जरूरत होगी या नहीं इस पर कोई प्रॉपर रिसर्च नहीं हुई है। डॉक्टर ने यह भी कहा कि कई देशों में लोगों ने वैक्सीन की चार या पांच खुराकें ली हैं, फिर भी उन्हें कोरोना हो रहा है।

कोरोना की नेजल वैक्सीन 325 रुपए में लगेगी: केंद्र सरकार ने नेजल वैक्सीन की कीमत तय कर दी है। भारत बायोटेक की यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में 325 रुपए में लगवाई जा सकेगी। वहीं प्राइवेट अस्पतालों में इसके लिए 800 रुपए चुकाने होंगे। यह वैक्सीन जनवरी के आखिरी हफ्ते से उपलब्ध हो जाएगी। सरकार ने यह भी कहा है कि जिसने तीन डोज ले लिए हैं, उन्हें अतिरिक्त डोज की जरूरत नहीं है।

## उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड



**नई दिल्ली:** देश में सर्दी बढ़ रही है। आलम ये है कि दिल्ली नैनीताल से ज्यादा ठंडी हो गई है। दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक बुधवार को भी दिल्ली में घने कोहरे के कारण 100 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल हुईं। इनमें से कुछ को नजदीकी एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया।

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि देहरादून में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस, धर्मशाला में 6.2 डिग्री सेल्सियस और नैनीताल में 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली के अलावा, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में भी कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू हो गई है। इसके साथ ही घने कोहरे ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। राष्ट्रीय राजधानी में कोहरे की वजह से विजिबिलिटी सिर्फ 50 मीटर रह गई, जिससे सड़क यातायात और ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

**किसानों को मुख्यमंत्री योगी का उपहार**

## लखनऊ में खुलेगा अत्याधुनिक एग्री मॉल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नये साल में प्रदेश के किसानों को बड़ा उपहार देते हुए राजधानी लखनऊ में अत्याधुनिक एग्री मॉल खोलने की घोषणा की है। करीब 8000 वर्ग मीटर भूमि पर बनने वाला यह एग्री मॉल सात मंजिला होगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार शाम को उस समय की जब वह राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 166वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर किसानों के हित संरक्षण हेतु कई दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि और खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक नीतिगत प्रयास किए जा रहे हैं। प्राकृतिक खेती को प्रोत्सहित करने के लिए भी योजनाबद्ध रीति से कार्य किया जा रहा है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, उत्पाद की ब्रांडिंग हो, सही बाजार मिले, इसके लिए राजधानी लखनऊ में एग्री मॉल स्थापित किया जाना आवश्यक है। यहां किसान सीधे अपने फल, सब्जियों की बिक्री कर सकेंगे। उपभोक्ताओं के लिए अच्छी गुणवत्ता के फल, सब्जियां और खाद्यान्न उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि मॉल में किसानों के विश्राम के लिए आवश्यक सुविधाएं हों। गोमतीनगर के विकल्प खंड में उपलब्ध लगभग 8000 वर्ग मीटर भूमि सात मंजिला आधुनिक एग्रो मॉल की स्थापना के लिए उचित होगा। मॉल में किसानों व खरीदारों के वाहनों की पार्किंग के लिए समुचित व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कृषि कार्य मे टिशू कल्चर तकनीक के प्रयोग के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

**भारतीय सेना भी डटी रहेगी; अरुणाचल में अतिरिक्त चौकियां बनाएगी आईटीबीपी**

## एलएसी पर चीन तनाव नहीं घटाना चाहता



**लद्दाख:** चीन के साथ 17वें दौर की बातचीत के बाद साफ हो गया है कि वह सीमा विवाद पर तनाव कम करने का इच्छुक नहीं है। नतीजतन भारतीय सेना अभी दोनों देशों की 3,488 किलोमीटर लंबी एलएसी पर डटी रहेगी। यह लगातार तीसरी सर्दी है, जब दोनों सेनाएं आमने-सामने हैं। हालांकि, इस बार तैनाती सबसे बड़ी है। गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि इस समय चीन के लगभग 2 लाख सैनिक एलएसी पर तैयार हैं। भारतीय सेना और आईटीबीपी के भी लगभग इतने ही जवान तैनात हैं। पहली बार यह भी हो रहा है कि चीन ने भारी मात्रा में हथियार जमा किए हैं। इसमें भारत भी पीछे नहीं है। जो हथियार एलएसी पर तैनात हैं, उनमें कई तरह के टैंक, रॉकेट लॉन्चर, मल्टी ग्रेनेड लॉन्चर, अंडर बैरल लॉन्चर, असॉल्ट राइफल्स आदि शामिल हैं।

**भारत में दिया हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे खरीदने का ऑर्डर:** भारत में हाल ही में 17 हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे खरीदने का भी ऑर्डर दिया है। इन कैमरों से चीन पर बारीकी से नजर रखी जा सकेगी। ये कैमरे आईटीबीपी को दिए जाएंगे। आईटीबीपी चीन सीमा पर 9000 से 18,000 फीट की ऊंचाई पर तैनात है। सूत्रों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच विवादित सीमा पर अंतर काफी कम रह गया है। कई जगह तो चीनी सेना सिर्फ 500 फीट की दूरी पर तैनात है। चीन के पक्के स्ट्रक्चर्स देखते हुए भारत ने रणनीति में खासा बदलाव किया है। विदेश मंत्रालय के एक अफसर का कहना है कि भारत-चीन के बीच कोई बड़ा विवाद फिलहाल नहीं दिख रहा है, लेकिन हम अपनी तैयारी से पीछे नहीं हट सकते। चीन की मंशा सिर्फ क्षेत्र में अपना प्रभुत्व दिखाने की है।

## समाज में प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के लिए मोहब्बत की दुकान खोलें : गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आग लगाना आसान है लेकिन बुझाना मुश्किल होता है, आग भले ही दिल में लगे या कहीं ओर, खराब होती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नारा दिया है कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं, इस एक वाक्य से पूरे देश ने भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य को समझ लिया है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकताओं व नेताओं की जिम्मेदारी है कि समाज में प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के लिए मोहब्बत की दुकान खोलें तथा प्रतिमाह 15 किलोमीटर की पदयात्रा अपने-अपने जिलों में निकालें। उन्होंने भी पदयात्रा में शामिल होने की बात कही। गहलोत बुधवार को कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस के अवसर पर बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे।

**खबर संक्षेप**

## हंडिया में युवक ने फंदे पर झूलकर दी जान

**प्रयागराज।** हंडिया में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हंडिया तहसील अंतर्गत आने वाले सराय ममरेज थाना क्षेत्र के नैकीपुर गांव निवासी रामधनी विश्वकर्मा (31) पुत्र सरजू प्रसाद विश्वकर्मा अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ' सुबह तक अंदर से रूम का दरवाजा बंद देख परिजनों को अनहोनी का शक होने पर खिड़की से अंदर देखा गया तो उसकी लाश फंदे से लटकती मिली। रोते बिलखते परिजनों की चीखें सुनकर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों ने घटना की जानकारी तत्काल सलाम मंदिर पुलिस को दिया जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**प्रयागराज में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान**

# महेवा में तीन जगह छापेमारी, जप्त हुई चार ट्रक प्रतिबंधित पालीथीन व अन्य सामान, 25-25 हजार जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**



नैनी। यमुनानगर के महेवा नैनी में बुधवार की शाम प्रयागराज एडीएम सिटी ने सिंगल यूज प्लास्टिक के विक्रय के खिलाफ व्यापक पैमाने पर छापेमारी की। इस दौरान तीन दुकानों से करीब चार ट्रक अवैध पॉलिथीन, दोना, कप, प्लेट, गिलास जब्त किया गया। जिसकी कीमत लाखों में आंकी जा रही है। इस दौरान पूरी बाजार में हड़कंप मचा रहा। यमुनानगर के नैनी इलाके में व्यापक पैमाने पर प्रतिबंधित पॉलिथीन, डिस्पोजल कप, गिलास, प्लेट, चम्मच, थाली की बिक्री हो रही है। इसकी सूचना पर बुधवार को अपर नगर आयुक्त रत्नप्रिया, नायब तहसीलदार करछना विनय कुमार द्विवेदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अभिषेक के अलावा नगर निगम के अधिकारी जितेंद्र गांधी, शांति स्वरूप, पर्यावरण अभियंता उत्तम कुमार वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डीपी सिंह, जोनल अधिकारी जेपी मौर्य और इलाकाई पुलिस टीम ने छापेमारी की। महेवा खान चौराहे के पास स्थित इंडिया डिस्पोजल और महेवा गेट के सामने स्थित अन्नू माली दोना पत्तल वाले के यहां छापेमारी की। जिससे वहां हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान अन्नू माली के यहां से दो ट्रक माल बरामद किया गया। इसके अलावा डिस्पोजल और ट्रैगन कोरियर सर्विस बोर्ड लगे गोदाम से दो ट्रक के आसपास प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अन्य थमाकोल के बने डिस्पोजल थाली, प्लेट, चम्मच, कटोरी, गिलास जप्त की गई। अपर नगर आयुक्त रत्नप्रिया ने बताया कि अन्नू माली और इंडिया डिस्पोजल वाले के खिलाफ 25 - 25 हजार का जुमार्ना लगाया गया है। अभी ट्रैकन कोरियर सर्विस वाले के मालिक की तलाश की जा रही है।

### एडीएम ने ताला तोड़वाकर गोदाम से निकाला प्रतिबंधित दोना पत्तल

महेवा में छापेमारी के दौरान अपर नगर आयुक्त को वहां किसी ने सूचना दी कि इंडिया डिस्पोजल के सामने ट्रैक ओन कोरियर सर्विस में भी प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का आयात निर्यात व्यापक पैमाने पर होता है। प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची तो उसको दाम में ताला लगा हुआ था। एडीएम सिटी ने अपनी मौजूदगी में गोदाम का ताला तोड़वाकर अंदर देखा तो पूरा गोदाम सिंगल यूज प्लास्टिक एवं दोना पत्तल से भरा हुआ था। निगम के ट्रक बुलाकर सारे सामान को लगाकर मुख्यालय भेज दिया गया। अभी तक गोदाम मालिक का नाम पता नहीं चल पाया है।

## बाइक की टक्कर से महिला की हुई मौत

**झूंसी।** प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर चकहरिहर वन के पास बुधवार की शाम तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से सड़क पार कर रही अधेड़ महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। चकहरिहर वन गांव निवासी 55 वर्षीय सुग्गी देवी पत्नी लल्लू भारतीय आज शाम को पैदल जीटी रोड क्रास कर रही थी। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने सुग्गी देवी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला के सिर में गंभीर चोट आई थी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

**न्यूज झरोखा...**

### एस डी पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के एसडी पब्लिक स्कूल रामनगर में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन कराया गया कबड्डी वालीबाल छात्राओं को गोल फेक रस्साकशी कार्ड बोर्ड रेस इन एंड आउट 200 मीटर 100 मीटर रेस छात्र-छात्राओं दोनों का 200 मीटर ढलाई रेस 5 लेग रेस सर्कल रेस बैडमिंटन उपरोक्त खेलों में निम्नलिखित बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया आलोक पाल अनूप यादव विकास शुक्ला साक्षी मिश्रा अंकिता पाल आदर्श पाल आंचल तिवारी शीतल पटेल समीर सिंह चंचल सिंह अक्षत शुक्ला अजय यादव आरुषी शर्मा सुहानी शुक्ला शिवानी मिश्रा कशिश केसर तेजस्वी जावेद इत्यादि ने प्रथम स्थान हासिल किया जिसमें मुख्य थी रामेश्वर शुक्ला शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय प्रयागराज और विभिन्न अभिभावक ने पहुंचकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया जिसमें मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के संचालन जसवंत सिंह एवं प्रबंधक नीरज सिंह यादव प्रधानाचार्य मंजू यादव प्रधानाचार्य माता मणि शर्मा एवं समस्त विद्यालय के अध्यापक गण विद्यालय के प्रबंधक नीरज सिंह यादव ने आए हुए आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किए।

### एंबुलेंस में गूंजी किलकारी जच्चा बच्चा स्वस्थ



**मेजा रोड।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा पहुंचने से पहले गर्भवती महिला ने बच्चे को एंबुलेंस में ही जन्म दिया। बंधवा निवासी प्रमोद पटेल की पत्नी प्रियंका पटेल गर्भवती थी। अचानक प्रसव पीड़ा होने पर प्रमोद पटेल ने एंबुलेंस को फोन किया। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस के पायलट विजय प्रकाश व ईएमटी राममिलन ने गर्भवती महिला प्रियंका पटेल को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस पर बैठाया। एंबुलेंस तेंदुआ गांव के समीप पहुंचा, तभी गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा तेज हो गई। मौके पर रही आशा श्रेया पटेल व ईएमटी राममिलन ने एंबुलेंस में ही ढाका गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद जच्चा बच्चा को अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों स्वस्थ हैं।

### अपनी मांगों को लेकर आशा बहुओं ने किया प्रदर्शन



**मेजा रोड।** मेजा मे अपनी मांगों को लेकर आशा बहुओं ने प्रदर्शन किया और एसडीएम मेजा को ज्ञापन सौंपा। बता दें कि बुधवार को मेजा तहसील मुख्यालय पर आशा बहुओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। आशा बहुओं की मांग थी कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित कोविड प्रोत्साहन राशि 19 माह के बकाए का भुगतान करो, रुबैला खसरा सर्वे का पांच सौ रुपए प्रतिदिन की दर से भुगतान करो। इस दौरान आशा बहुओं ने मुख्यमंत्री,जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान आशा बहुओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

### श्रीमती डी सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कैंप का शुभारंभ



**नैनी।** द्विदिवसी शीतकालीन कैंप का आयोजन श्रीमती डी सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दूरवानी नगर नैनी प्रयागराज आयोजन किया गया विद्यालय के प्रबंधक भगवत प्रसाद सिंह दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस कैंप में विद्यार्थियों को शैक्षिक व भौतिक बुद्धिमत्ता के साथ-साथ अनुशासन पाठ सिखाया गया और कार्यक्रम का संचालक अनुज शर्मा और नरेंद्र सिंह के द्वारा किया गया तथा संचालक दिव्या साहनी और सुनीता भारती के द्वारा संपन्न किया गया है।

# बच्चों को जल ही जीवन है का महत्व समझाएंगी सांसद रीता जोशी

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** सांसद रीता जोशी 29 दिसंबर को यमुनापार के शंकरगढ़ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। इस दौरान पूर्वाह्न 10.30 क्षेत्र के राजा कमलाकर डिग्री कालेज में आयोजित जल जीवन मिशन के संकल्प, विषयक प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करेंगी। यह जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि इसके पूर्व दस बजे वह भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप केसरवानी के चाचा के निधन पर संवेदना व्यक्त करने जाएंगी।

सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि राजा कमलाकर डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रम में बारा विधायक डा. वाचस्पति भी भाग लेंगे। यहां से फारिग होने के बाद सांसद रीता जोशी 11:30 बजे ग्राम डेराबारी में महाकौशल एग्रो क्रॉप ग्रुप द्वारा स्थापित उद्योग के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री, शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह भी डेराबारी में महाकौशल एग्रो क्रॉप ग्रुप के भूमि पूजन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद सांसद रीता जोशी चुप्पेपुर से सतनपट्टी मार्ग का लोकार्पण लगभग साढ़े बारह बजे करेंगी। इसी क्रम में डेढ़ बजे सांसद द्वारा रामनगर से पुरानीपुर मार्ग के लोकार्पण का कार्यक्रम निर्धारित है। जबकि दोपहर ढाई बजे लालगंज से मांडा के मार्ग का लोकार्पण सांसद द्वारा किया जाएगा। जबकि पौने चार बजे सांसद रीता बहुगुणा जोशी एनसीजेडसीसी में कैंपिंग एंड लैंप लाइटिंग सेरेमनी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।

### एसबीआई के कर्मचारियों ने जमा करवाए जाली नोट

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में 2 हजार रुपये और सौ रुपये के नकली नोट जमा कराए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में रिजर्व बैंक आफ इंडिया की ओर से भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है।जानकारी के मुताबिक, नकली नोट जमा करने के मामले में स्टेट बैंक आफ इंडिया (एसबीआई) कचहरी शाखा के कर्मचारियों पर मुकदमा लिखा गया है।एफआईआर रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआई) के दावा अनुभाग निर्गमन विभाग के प्रबंधक प्रणीत पिंजर्ला की तरफ से कराई गई है। कर्नलगंज पुलिस का कहना है कि कचहरी शाखा की तरफ से दो हजार रुपये की एक और सौ रुपये की चार नोट जमा हुई थी। विभागीय जांच में जाली नोट पाई गई थी। कर्नलगंज थाने में दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई में अन्य बैंक की करेंसी चेस्ट शाखाओं में जाली नोट अधिक संख्या में पाए जा रहे हैं। जाली नोट का मुद्रण एवं परिचालन अपराध है। इसी क्रम में पाया गया है कि एसबीआई कचहरी रोड शाखा की मुद्रा तिजोरी से भेजी गई रकम में जाली नोट मिली थी।



## सांसद ने जारी जल निगम का किया निरीक्षण

**जारी।** बुधवार को दोपहर 2 बजे प्रयागराज यमुनापार की सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने जारी जल निगम के सेमरी में हो रहा नया बोर का निरीक्षण किया और कहा स्थानीय लोगो द्वारा बताया गया कि 125 फिट का बोर किया गया है सांसद ने जल निगम के ठीकेदार को बुलाकर कहा कि पुराना बोर के हिसाब से नया बोर कम हुआ है इसे 350 फिट पर किया जाए ।सप्लाई पानी के लिए नई पाईप लगाया जाए।ताकि गर्मी के समय लोगो को पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में मिल सकें।जारी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एक महीने से पानी ना आने को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुख्य रूप से व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र बबलू केसरवानी, बिहारी लाल जायसवाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी , सुधीर कुमार साहू , विनोद केसरवानी ,नीरज श्रीवास्तव विकास गुप्ता मान साहब जायसवाल, रोहित, राजेंद्र केसरवानी ,मोहित केसरवानी राजाराम कौशल संदीप सुबोध साहू अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चोरों ने घर से लाखों के जेवरात व नगदी किया पार

### मऊआइमा के ग्राम जोगीपुर में लाखों की चोरी, सक्रिय चोरो के हौसले बुलंद



**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में सक्रिय चोरों ने क्षेत्र में आतंक मचा कर रख दिया है। बीती रात चोरों ने एक घर के चैनल गेट खोल कर जिन कमरों में परिवार रहता था बाहर से बंद कर एक अन्य कमरे का ताला तोड़कर संदूकों और अलमारी में से नगदी और सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र विपत नारायण के घर के चैनल को खोल कर चोरों ने चार कमरों जिसमें परिवार सो रहा था। बाहर से बंद कर एक अन्य कमरे का ताला तोड़कर सन्दूक और अल्मारी का ताला तोड़कर पन्द्रह हजार सात सौ नगदी, सोने का मंगल सूत्र ,दो सोने की अंगूठी ,झुमका, पायल ,चार जोडी बिछुआ आदि लाखों रुपये के सामानों की चोरी कर भाग गए। परिवार ने शोर मचाया तो ग्रामीण एकत्रित हो कर दरवाजों को खोले और पुलिस को सूचना दिए। भुक्तभोगी अनिल कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

### शंकरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर, चोरी की बोलेरो बरामद

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने बुधवार को एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने चोरी की बोलेरो बरामद की है। बरामद बोलेरो में फर्जी नंबर लगाया गया है। धरा गया अभियुक्त अमेठी जनपद का रहने वाला है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने की टीम के साथ क्षेत्र के बसहरा नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर एक व्यक्ति को बोलेरो के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद बोलेरो जेड ग्रीन रंग की है। बोलेरो पर फर्जी नंबर (यूपी32-ईटी-1987) प्लेट लगाई गई थी। मामले में आरोपी से पूछताछ के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 411 के तहत केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई ऋतुराज सिंह, एचसीपी राजेश सिंह यादव, सुखबीर सिंह आदि शामिल रहे।




## पिछड़ों के आरक्षण में छेड़छाड़ कुठाराघात : पवन सिंघाल पटेल

**सरकार में बैठे पिछड़े नेताओं पर साधा निशाना**



**रत्योरा।** नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों के आरक्षण में छेड़छाड़ को लेकर समाजवादी पार्टी के विधानसभा महासचिव पवन सिंघाल पटेल ने सरकार में बैठे पिछड़े नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा है कि जिनके वोट लेकर आज कुर्सी पर आसीन हैं। उनके साथ कुठाराघात किया जा रहा है पिछड़े नेताओं की चुप्पी खुद बयां कर रही है कि पिछड़ों के आरक्षण में छेड़छाड़ करने को लेकर सहमति जता रहे हैं, जिसको अब जनता समझ चुकी है। कहा कि उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव दिसंबर में होना था यह फैसला प्रदेश सरकार ने संभवतः ले लिया था। जिसके आरक्षण का परसीमन चुनाव आयोग ने 5 दिसंबर को जारी किया था। जिसमें पिछड़ों को आरक्षण सही तरीके से नहीं दिया गया था। जिसको लेकर न्यायालय में पीआईएल दाखिल किया गया और बीते 27 दिसंबर को न्यायालय द्वारा पिछड़ों के आरक्षण खत्म कर देने का फैसला आना शर्मनाक रहा। पिछड़ों दलितों वंचितों के हितैषी नेता पवन सिंघाल ने सरकार में बैठे पिछड़े समाज के नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ कुर्सी से मतलब है बाकी उनके लिए किसी आरक्षण की जरूरत नहीं है। इसलिए चुप्पी साधे रहते हैं। पिछड़ों के अधिकारों को सरकार द्वारा खत्म करने पर वह सिर्फ फर्जी तरीके से लोगों को बरगलाने का काम करते हैं। जिससे हमारा वोट बैंक बना रहे। यदि सरकार में बैठे पिछड़े नेताओं की राय न होती तो सरकार की हैसियत नहीं थी की पिछड़ों के आरक्षण से छेड़छाड़ कर सके। उन्होंने कहा कि पिछड़ों का आरक्षण खत्म होना सरकार में बैठे पिछड़े समाज के नेताओं के गिरवी मानसिकता को दशार्ता है।

# पति को जेल से छुडाने का वायदा कर युवक ने महिला से किया दुराचार

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** महिला के पति को जेल से छुडाने का वायदा कर एक युवक पहले महिला को लेकर कचहरी गया। फिर मऊआइमा थाना पडाव के निकट एक कमरे में बंद कर उसके साथ बलात्कार किया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने मऊआइमा थाने में दुराचारी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का कहना है कि उसका पति काफी दिनों से जेल में बंद है। जिसे छुडाने के लिए आजमपुर का एक युवक ने उससे वायदा करते हुए पहले कचहरी प्रयागराज ले गया। महिला का आरोप है कि कचहरी से जब दोनों थाना पडाव पर आए तो युवक उसे लेकर छपाई बाग स्थित एक कमरे में ले जाकर अन्दर से दरवाजा बंद कर लिया। शोर मचाने पर मेरा मुंह दाबकर जबरियन दुराचार किया। तथा यह धमकी दी कि यदि कहीं जुबान खोली तो मार डाऊंगा। बुधवार को महिला किसी तरह थाने आयी और तहरीर दी।जिसपर पुलिस ने मऊआइमा कस्बा के आजमपुर निवासी आदर्श कुमार गुप्ता पुत्र अशोक कुमार के खिलाफ दुराचार का मुकदमा दर्ज कर महिला को मेडिकल चेकअप के लिए भेज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

**मऊआइमा कस्बा के आजमपुर का है निवासी**

### युवती के साथ युवकों ने छेडखानी की बोलने पर मारा पीटा मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। तभी गांव के एक युवक के यहां आए मेहमानों ने उसकी पुत्री के साथ छेडखानी किए। बोलने पर मारे पीटे एंव जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। गांव में एक अन्य व्यक्ति के यहां आए मेहमानों ने उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें करते हुए मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। युवती के पिता ने मऊआइमा थाने में ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासी धर्मराज पुत्र श्रीनाथ तथा थाना रानीगंज के ग्राम थरिया निवासी स्वामी नाथ यादव पुत्र राम लाल ,पंकज यादव पुत्र केदारनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# जिस टूनामेंट मे मो० कैफ जैसे अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी.खेले हों उसका फीता काटना गर्व की बात : दिलीप कुमार चतुवेर्दी

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** ईश्वरदीन छेदीलाल स्मारक क्रिकेट टूनामेंट का बुधवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने फीटा काटकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए मैच का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि दिलीप चतुवेर्दी ने कहा ईश्वरदीन छेदीलाल स्मारक क्रिकेट टूनामेंट विगत 40 बर्षो से खेला जा रहा है। यहा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भी इस टूनामेंट मे खेलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रयागराज व अपना नाम रोशन कर चुके है। यहा पर ज्योती यादव,प्रशांत खरे,जैदी ने भी किकेट खेलकर नाम रोशन किया है। आप सभी खिडाडियो के पास भी इस छोटे से मैदान से टूनामेंट खेल कर अपना और क्षेत्र का नाम रोशन करने का मौका है। कोई मैदान या खेल छोटा नही होता आप कितना लगन और निष्ठा से खेल खेलते है यह माने रखता है। श्री चतुवेर्दी ने खेल के तहत चल रही योजनाओ की चर्चाकर उत्साह वर्धन किया। टूनामेंट के विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला ने दोनो टीमो को शुभकामनाए देकर आयोजको का आभार जताया। आयोजक अंकुर केसरवानी,राम केसरवानी,हिमाशूँ गौड़,ग्राम प्रधान जसरा आशीष सोनकर आदि ने अतिथियो का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए खिडाडियो से परिचय कराया। अध्यक्षता विजय कुमार गुप्त ने करते हुए सभी का आभार जताया। इस अवसर,आलोक पाठक पर चन्द्र प्रकाश गुप्ता, नितिन केसरवानी, धीरेन्द्र कुशवाहा, हिमाशूंगौड़, रविपाल, रफीक, आशीष,कन्नौज्जिया, अनुज केसरवानी, रमेश पाठक, निषीश पाठक, अनुज केसरवानी, अरविंद विनोद, अंबुज, भोले, मनीष, रवि, विपिन यादव आदि रहे। पहले दिन बुदावा और घुरमी टीम के बीच उद्घाटन मैच हुआ। इसमें घुरमी की टीम ने छः विकेट से 97 रन बनाकर जीत दर्ज कर बुदावा को हरा दिया।

**ईश्वरदीन छेदीलाल स्मारक क्रिकेट टूनामेंट का हुआ शुभारंभ, बुदावा और घुरमी टीम के बीच उद्घाटन मैच का हुआ शुभारंभ, घुरमी टीम बिजेता रही**



### शनिदेव मंदिर का पुजारी बनने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**थरवई।** प्रयागराज थरवई क्षेत्र के बनकट में स्थित शनिदेव मंदिर का पुजारी बनने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसको लेकर एसडीएम सोरांव डा0कंचन व एसीपी थरवई जंगबहादुर यादव थाना प्रभारी थरवई लोकेश त्रिपाठी ने शनिदेव मंदिर पहुंच कर दोनों पक्षों की बात को सुना। दोनों पक्षों के लोग मंदिर का पुजारी बनने के दावे करते रहे। दोनों पक्षों के बात सुनकर एसडीएम सोरांव व सीओ ने जल्द ही निष्कर्ष निकालकर मंदिर का पुजारी बनाया जाय सह सहमति से इसका निवारण किया जायेगा।

### पति पर दर्ज कराया मुकदमा

**मऊआइमा।** एक पत्नी के होते हुए भी पति ने दूसरी शादी रचा ली। जिसपर पत्नी ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह निवासनीय रेशमा खान पुत्री मोहम्मद फारूक का आरोप है कि उसके पति ने उससे छिपा कर चुपके से दूसरी शादी रचा ली। बोलने पर जान से मारने की धमकी दी।। रेशमा खान ने मऊआइमा थाने में अपने पति करमशेर खान पुत्र स्वर्गीय सिराजुल इस्लाम निवासी सराय सुलतान उर्फ पूरे मखदूम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# ग्राम प्रधान ने भू अतिचारियों के खिलाफ लिया एक्शन

**अखंड भारत संदेश**

**भू माफियाओं के खिलाफ सहायक पुलिस आयुक्त मेजा सर्किल प्रयागराज को मह भू अभिलेख और उनके कृत्यों का पुलिंदा दे कर दर्ज कराया बयान**

**भूमि प्रबंधक समिति,ग्राम पंचायत की खुली बैठक के तहत अध्यक्ष ग्राम प्रधान ने कार्यवाही की किया एक्शन प्लान**

**कोरांव।** योगी सरकार और उनकी मंशानुसार भू अभिलेखों पर दर्ज सरकारी ग्राम समाज, खलिहान, नदी नालों, चकरोड़ों, नवीन परती रास्तों,मुख्य मार्गों की जमीनों पर कई दशक से अवैध ढंग से काबिज दखील अवैध निमार्णो,खेती करने वालों के खिलाफ एक एक्शन प्लान तैयार किया है,जिसकी सूचना डीएम प्रयागराज को पूर्व में भी दी थी जिस पर एसडीएम ने राजस्व और पुलिस बल की टीम गठित कर दी है। बता दें कि ग्राम सभा अल्हवा तहसील कोराव में सैकड़ों बीघा सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर रखा है। इसके पूर्व भी निर्वाचित ग्राम प्रधानों ने खुद सरकारी जमीनें तो कब्जा की हो थीं अपने बिरादरी रिश्तेदारों को भी अवैध कब्जे कर रखने की खुली छूट दे रखी थी। और पंचायत चुनाव में भी उक्त भू माफियाओं ने निर्वाचित प्रधान शहजादे को हराने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी और गरीबों को गुमराह किया किंतु गरीबों ने योग्य एवं तेज तथा ईमानदार,विकास पुरुष प्रधान बनाया जिससे अतिक्रमित जमीनें खाली कराकर भूमि हिनों को आवंटित करें। ग्राम सभा अल्हवा में कई सरकारी नौकरी, फौज आदि तथा बड़े कास्तकारो ने ग्राम प्रधान की हत्या कराने उनके विरुद्ध कई साजिशें रच रहे हैं। तरह तरह की शिकायतें कर रहे हैं,जिसमे निलंबित कोटेदार अल्हवा और उसका अपराधी पुत्र भी शामिल है। आरोप है कि ऊक्त गांव का एक फौजी बताने वाला धर्म शंकर पटेल पुत्र अंगलाल आदि ने ग्राम समाज की जमीनों तथा मार्ग संख्या 265 आदि पर अवैध कब्जा कर लिया है,गत सप्ताह गांव आया था और ग्राम प्रधान को फर्जी केसों में फंसवाने और जान से मरवाने का कई लोगों के साथ बैठ कर कुचक्र रचा था। जिसकी सूचना पुलिस को दी थी। और निमार्णाधीन सरकारी सड़क को जबरन रोक दी थी। जिसे पुलिस ने शुरू कराया। और अभी भी व्यवधान उत्पन्न करा रहा है। क्योंकि भू खंड संख्या 755 नवीन परती की मुख्य मार्ग के किनारे अपात्र होते हुए तत्कालीन लेखपाल को पटा कर कीमती जमीन का बारह विश्वा पौधारोपण के लिए पट्टा करा लिया था जिसका कैंसिलेशन के लिए डीएम के यहां वाद दायर कर दिया गया है जिससे और भी बौखला गए हैं अतिचारी। और तरह तरह की शिकायतें की जा रही हैं। इस संबंध में सबन्धित न्यायालय में सूचना अंकित कर दी गई है। साथ ही एसीपी मेजा के यहां जिन जिन सरकारी और मार्गो की जमीनों पर अवैध कब्जा किया गया है वह रिकार्ड भी प्रस्तुत कर दिया है। जिस और सहायक पुलिस आयुक्त ने कार्यवाही का आश्वाशन दिया है। जिससे सासन को अवगत हो जाएं कि शिकायत क्यों प्रधान के विरुद्ध की जाती है। इस संबंध में प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी ने बताया कि सरकारी जमीनों को खाली कराना है। और ग्राम समाज की जमीनों को गरीबों भूमि हीनों को पट्टा देना है,इस लिए भूअतीचारी बौखलाए हैं। चाहे मेरी प्राण ही क्यों न जाए मैं सरकारी जमीनों को खाली करा कर ही दम लूंगा। और गांव को सुंदर बनाऊंगा।

## खबर संक्षेप

### बहरिया में अधिवक्ता के विरुद्ध मुकदमा पर भड़के फूलपुर के वकील

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील के अधिवक्ताओं की एक आपातकालीन बैठक तहसील सभागार में करके बीडीओ बहरिया द्वारा एक अधिवक्ता के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराने के प्रकरण में फूलपुर के अधिवक्ताओं ने एक स्वर में अधिवक्ता के विरुद्ध की गई कार्यवाही वापस लेने तथा बीडीओ बहरिया के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करने की मांग के साथ कोर्ट का बहिष्कार करने पर अडिग रहे। अधिवक्ताओं ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए अनवरत कार्य बहिष्कार का ऐलान किया। इस मौके पर शमीम अहमद सिद्दीकी, अरविंद यादव पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री दिलीप आजाद, दिनेश चंद्र पांडेय, पंकज सिंह, उदय अंबेडकर, आशुतोष गुप्ता, बृजेश गौतम, रघुवीर रंजन, रविंद्र प्रताप सिंह, राजीव वर्मा, मनोज मौर्या, सतनारायण, कल्पना अंबेडकर, दानिश आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

### पंत प्रतिमा स्थल के सुंदरीकरण के लिए विधायक निधि से दिए 10 लाख

**प्रयागराज।** गौरव अनुभूति आयोजन समिति की ओर से पुण्य तिथि पर उप मुख्यमंत्री ने छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मिशन रोड स्थित उनकी प्रतिमा स्थल के सुंदरीकरण की भी घोषणा की। इसके लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने पंतजी के जन्मदिन 20 मई से पहले सुंदरीकरण का काम पूरा कराने के निर्देश दिए।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बटन दबाकर रिवाल्विंग फंड एवं सामुदायिक निवेश निधि का किया ऑनलाइन हस्तातंरण

अखंड भारत संदेश

### प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृत संकल्पित



**प्रयागराज।** उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड एवं सामुदायिक निवेश निधि वितरण कार्यक्रम बुधवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उ0प्र0 के मा0 उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 7724 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 50.53 करोड़ रू0 रिवाल्विंग फंड एवं सामुदायिक निवेश निधि का ऑनलाइन हस्तातंरण बटन दबाकर किया। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने अच्छा कार्य करने वाली बी0सी सखियों, बैंक सखियों, विद्युत सखियों एवं अन्य समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया तथा सामुदायिक निवेश निधि एवं रिवाल्विंग फंड के तहत महिलाओं को चेक का वितरण किया।

इस अवसर पर मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार मातृत्व शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। आज महिलाएं अपनी प्रतिभा शक्ति का लोहा पूरे देश में मनवा रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी लगातार कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं शक्तिशाली नहीं होगी तब तक उनका परिवार भी शक्तिशाली नहीं हो सकता है। आज भ्रष्टाचार पर रोक लगाते हुए जो भी राशि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा भेजी जा रही है, वे सीधे लाभार्थी के खाते तक पहुंच रही है। बिचैलियों का खेल खत्म हो गया है। योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। सरकार महिलाओं के सम्मान और आमदनी को बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रही है। बैंक सखी, विद्युत सखी, बीसी सखी आदि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा कार्य किया जा रहा है तथा कमिशन के द्वारा आय अर्जित कर रही है। आज महिलाएं एक जनपद एक उत्पाद के तहत भी कार्य कर अपने उत्पादों को अच्छे दामों में बेच रही है और अपनी आय में वृद्धि कर रही है। सरकार उनकी आय को बढ़ाने के लिए तत्पर है। इसके लिए इन्हें अच्छी टेजनिंग, ब्रांडिंग, पैकेजिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे इनके उत्पादों का अच्छा मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अन्तर्गत होने वाले भुगतान बीसी सखियों के द्वारा कराये जाने एवं हर ग्राम सभा में विद्युत सखी हो, इसका प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश सरकार हर परिवार के जीवन में खुशहाली लाने का प्रयास कर रही है। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने हेतु उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री जी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि प्रदेश सरकार पूरी तरह आपके साथ है, यह हम आपकों विश्वास दिलाते है। इस अवसर पर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चैधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, अवधेश चन्द्र गुप्ता, विभवनाथ भारती, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं मा0 जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### पिस्टल, तमंचा के साथ तीन शातिर गिरफ्तार



**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कनिहार में 2 दिन पहले रात में बम बाजी कर दहशत फैलाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को झूंसी पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिस्टल व दो तमंचा कारतूस बरामद किया है। इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह ने बताया कि दो दिन पहले कनिहार गांव निवासी आकिल के दरवाजे पर बमबाजी हुई थी। मामले में पुलिस ने मंगलवार की देर रात हवासपुर बगिया में दबिस दी। जहा से तीन लोगो लोगों को गिरफ्तार किया गया मौके से तीन युवक फरार हो गए। पकड़े गए हवासपुर झूंसी निवासी सर्वेश मिश्रा पुत्र विद्या कांत मिश्र, सरायइनायत कुशमीपुर निवासी धीरज यादव पुत्र जय सिंह यादव व झूंसी के सत्यम पाल पुत्र बच्चा पाल को थाने लाया। तीनों के पास से एक पिस्टल, दो तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि सत्यम पाल ने अपने साथियो के साथ मिल कर पुरानी रंजिश में आकिल के घर पर बमबाजी की थी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में इंस्पेक्टर के साथ चौकी इंचार्ज छतनाग योगेंद्र सिंह, छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन सिंह, सिपाही अजय कुमार, दीपचन्द्र पाल, राघवेंद्र यादव, बृजमोहन सिंह मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यकताओं ने मनाया स्थापना दिवस



**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का १३८ वां स्थापना दिवस करछना में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव विजय सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया सर्व पथम झण्डा रोहण किया गया जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की स्थापना आज के ही दिन हुई थी जिसे कांग्रेस कार्यकर्ता हर वर्ष बड़े ही उत्साह से मनाते हैं जिला कांग्रेस महासचिव डा दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना महाराष्ट्र के बाम्बे में गोकुल प्रसाद तेजपाल धर्म शाला में २८ दिसंबर १८८५ को हुई थी आज स्थापना दिवस पर सर्व प्रथम झण्डा रोहण कर राष्ट्रगान किया गया स्थापना दिवस पर अपना वक्तव्य देने वालों में सर्व श्री पक ाश पाण्डेय एंडो ब्लाक अध्यक्ष पऩय रंजन भट्टाचार्य विद्याधर मिश्र एडो विनय कृष्ण पांडेय एडो आशीष कुमार मिश्र एंडो सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी रविराज सिंह एंडो लाल चन्द यादव राजेश सिंह एंडो सुरेश कुमार शुक्ल जमुना प्रसाद श्याम बाबू रशीद हैदर धर्मेंद्र कुमार राममणि दुबे अरुण कुमार मिश्र आनन्द कुमार पटवा पवनेश कुमार सोनी अमरनाथ यादव कौशलेंद्र गौण अकबाल बहादुर कुशवाहा रजनीश गौण शामिल रहे।

### नैनी में नवजात शिशु का शव मिला



**नैनी।** यमुनानगर के नैनी कोतवाली अंतर्गत काटन मिल के सामने गली के सूखे नाले में बुधवार को एक नवजात शिशु का शव पालीथीन में लपेटा हुआ फेंका था। जिसे कुत्ते नोच रहे थे। उधर से गुजर रहे पार्षद मुकेश भारती ने देखा तो नैनी कस्बा इंचार्ज उमाशंकर सिंह को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पता चला कि नवजात पूर्ण विकसित नहीं हा। छह माह के आसपास के नवजात की लाश नाले में फेक दिया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। लोगों का कहना है कि अस्पताल के सामने ही नाले में मिला है नवजात की लाश।

# हिरनों के बाड़े में आवारा कुत्तों के झुंड ने किया हमला, सदमे से 21 हिरणो की मौत

अखंड भारत संदेश

### छतनाग गांव स्थित एमपी बिरला गेस्ट हाउस परिसर के बाड़े में रखे गए हिरनों के कुनबे पर सोमवार की आधी रात को आवारा कुत्तों के झुंड ने 6 फीट बैरीकेटिंग फांद कर कर दिया था हमला

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के छतनाग गांव स्थित एमपी बिरला गेस्ट हाउस परिसर के बाड़े में रखे गए हिरनों के कुनबे पर सोमवार की आधी रात को आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। आवारा कुत्ते तकरीबन छह फीट ऊंचे बाड़े की बैरीकेटिंग को फांदकर भीतर घुसे थे। कुत्तों के हमले में 20?? हिरन तथा एक चिंकारे की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह गेस्ट हाउस में काम करने वाले कर्मचारियों की नजर बाड़े में खून से लथपथ मरे पड़े हिरनों के झुंड पर पड़ी तो सन्न रह गए। मामले की जानकारी तत्काल वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम मंगलवार की दोपहर गेस्ट हाउस पहुंची तथा मारे गए हि?रनों का पशु चिकित्सकों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। बाद में सभी हिरनों को गेस्ट हाउस परिसर में ही दफन कर दिया गया। एक साथ डेढ़ दर्जन से ज्यादा हिरनों की मौत से ग्रामीणों में भी खलबली मची रही। झूंसी के छतनाग गांव में बिरला के स्कूल, अस्पताल के साथ ही विशालकाय भू भाग पर गेस्ट हाउस भी है। बिरला आनंद कानन गेस्ट हाउस परिसर के भीतर सभी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। पर पिछले कई साल से गेस्ट हाउस में किसी का भी प्रवेश वर्जित है। यहां पर कभी-कभार झूंसी थाने में तैनात पुलिसकर्मी ही आते-जाते रहते हैं। गेस्ट हाउस परिसर के भीतर विशाल भू भाग पर हिरनों के एक कुनबे को भी बाड़ा बनाकर रखा गया है। वन विभाग से लाइसेंस मिलने के बाद हिरनों के बाड़े को स्थापित किया गया था। डेढ़ दर्जन से ज्यादा हिरन यहां पर तकरीबन डेढ़ दशक से रखे गए हैं। गेस्ट हाउस परिसर से सटा हिस्सा गंगातट का किनारा है। यहां पर भारी मात्रा में आवारा कुत्ते हैं। इसी बीच सोमवार की देर रात को तकरीबन एक दर्जन कुत्तों के झुंड ने हिरनों के बाड़े पर हमला कर दिया। आवारा कुत्तों का झुंड हिरनों के बाड़े के तकरीबन छह फीट ऊंचे बैरिकेटिंग को फांदकर भीतर घुसा था। एक साथ घुसे कुत्तों के झुंड ने हिरनों पर हमला बोल दिया। इनमें से सात से ज्यादा हिरनों को कुत्तों के झुंड ने नोचकर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया था। अन्य हिरनों पर पर भी कुत्तों के झुंड ने हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। कुत्तों के हमले में 20 हिरन तथा एक चिंकारे की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह गेस्ट हाउस में काम करने वाले कर्मचा?रियों की नजर बाड़े में खून से लथपथ मरे पड़े हिरनों के झुंड पर पड़ी तो सन्न रह गए। मामले की जानकारी कर्मचारियों ने तत्काल वन विभाग के कर्मचारियों को दी। इस पर वन क्षेत्राधिकारी फूलपुर अशोक कुमार, वन दरोगा इंद्रकांत सिंह के अलावां पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची। बाद में सभी हिरनों का पोस्टमार्टम करने के बाद उन्हें गेस्ट हाउस परिसर में ही दफना दिया गया। एक साथ डेढ़ दर्जन से ज्यादा हिरनों की मौत से लोगों में भी खलबली मची रही।

# पीडीए ने उजाड़ी 40 बीघे की प्लॉटिंग

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के देवरख उपरहार में बुधवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने लगभग 50 बीघे में हो रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान प्रॉपर्टी डीलरो ने हंगामा करने की कोशिश भी की लेकिन फोर्स के आगे उनकी एक न चली। लगभग पांच घंटे चले इस अभियान में जोनल अधिकारी बीपी सिंह , श्री रंग दुबे, कुंवर आनंद समेत कई थाने की पुलिस, पीएसी व प्रवर्तन दल के कर्मचारी मौजूद थे। अवैध प्लॉटिंग को लेकर प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा चलाया जा रहा अभियान नैनी के देवरख क्षेत्र में चला। ले आउट पास कराए बिना बेची जा रही जमीन पर सुबह से ही बुल्डोजर चलाया गया। इस मौके पर लोगो को चेतावनी भी दी गई। तोड़ी गई अवैध प्लॉटिंग में कई सफेदपोश लोगो का भी नाम सामने आया है।

### परिवार से अलग दूसरे पिछड़ों को आगे बढ़ता नहीं देख पाते अखिलेश : केशव प्रसाद

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सपा तथा अन्य प्रमुख दलों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने परिवार के अलावा अन्य पिछड़ों का हित नहीं देख पाते। मैं भी पिछड़े वर्ग से लेकिन वह मुझे आगे बढ़ते हुए नहीं देख पा रहे। वह सरकार के स्पष्टीकरण के बावजूद हाईकोर्ट के आदेश को लेकर गलत बयानबाजी कर रहे हैं। बुधवार को प्रयागराज आए उप मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यमैं सरकार एवं भाजपा की तरफ से एक बार फिर स्पष्ट कर रहा हूं कि बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव नहीं होगा। इसके लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।ह्नउप मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालय के आदेश के क्रम में सर्वे कराके ओबीसी आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा।

# नैनी बाजार में शार्ट सर्किट से रेडीमेड कपड़े की दुकान में लगी आग

अखंड भारत संदेश

### दमकलकर्मी व स्थानीय लोगो ने समय रहते आग पर पाया काबू, दो लाख का नुकसान



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के नैनी, बाजार में मंगलवार देर रात एक कपड़े की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने फायरबिग्रेड को सूचना देने के साथ ही पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नैनी, बीच बाजार में किराए का कमरा लेकर रहने वाले शिव कुमार गुप्ता की भावेश कलेक्शन के नाम से रेडीमेड कपड़े की दुकान है। दुकानदार के मुताबिक रात में वह दुकान बंदकर पास स्थित घर पर चला गया। कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने सूचना दी कि उनके दुकान से धुंआ उठ रहा है। आनन-फानन में शिव कुमार दुकान में पहुंचकर शटर खोला तो धुंआ ने आग का रूप ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। आसपास के लोगो ने फायरबिग्रेड को सूचना देने के साथ ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची फायरबिग्रेड की टीम ने स्थानीय लोगो की मदद स आग पर काबू पाया।दुकानदार के मुताबिक आग से लगभग 02 लाख का नुकसान हुआ है। मौके पर नैनी चौकी कस्बा इंचार्ज उमाशंकर सिंह एवं व्यापार मंडल नैनी अध्यक्ष राकेश जयसवाल मौके पर मौजूद थे।



# प्रतियोगिताओं में बेटियों ने किया प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** सरायतकी स्थित टी0पी0 मेमोरियल विद्यामन्दिर इण्टर कालेज व अभिज्ञान एकेडमी स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। म्यूजीकल चेयर प्रतियोगिता जूनियर वर्ग बालिका कक्षा 8 वर्षा तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 10 करिश्मा यादव तथा सीनियर वर्ग कक्षा 10 के प्रियांशु रजक विजयी हुये। जुनियर वर्ग अभिज्ञान में नर्सरी के आयुष प्रथम, 100 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग बालिका में खुशी यादव, नितु यादव, नैना यादव प्रथम आई। कबड्डी बालिका वर्ग प्रतियोगिता में कक्षा 10 पूजा की टीम विजयी रही। बालक वर्ग में शुभम पाल की टीम विजयी रही। खो-खो प्रतियोगिता में अनन्या टीम प्रथम, सेजल की टीम द्वितय स्थान पर रही। बैलून रेस में अम्बर, दक्ष, विरेन्द्र प्रथम रहे। लैमन और स्पून रेस में ग्रेसी का प्रथम स्थान रहा। चॉकलेट रेस में अवन्तिका प्रथम आई। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के प्रबंधक भाजपा नेता लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने फीता काटकर किया।

# ज्वाला देवी गंगापुरी में धूमधाम पूर्वक मनाई गई गुरू गोविंद सिंह जी की जयंती

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगापुरी रसूलाबाद प्रयागराज में बुधवार को गुरू गोविन्द सिंह जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ,व्यवस्था प्रमुख जनार्दन प्रसाद दुबे एवं कार्यक्रम प्रमुख संदीप मिश्र ने गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर दीपार्चन व पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम प्रमुख आचार्य संदीप मिश्र ने गुरु गोविंद सिंह जी के विषय में बताते हुए कहा कि सिख समुदाय के इतिहास में गुरु गोविंद जी बहुत कुछ नया ले कर आए। उन्होंने सन 1699 में बैसाखी के दिन खालसा जो की सिख धर्म के विधिवत दीक्षा प्राप्त अनुयायियों का एक सामूहिक रूप है उसका निर्माण किया।सिख समुदाय के एक सभा में उन्होंने सबके सामने पूछा झ्र कौन अपने सर का बलिदान देना चाहता है? उसी समय एक स्वयंसेवक इस बात के लिए राजी हो गया और गुरु गोबिंद सिंह उसे तम्बू में ले गए और कुछ देर बाद वापस लौटे एक खून लगे हुए तलवार के साथ। गुरु ने दोबारा उस भीड़ के लोगों से वही सवाल दोबारा पुछा और उसी प्रकार एक और व्यक्ति राजी हुआ और उनके साथ गया पर वे तम्बू से जब बहार निकले तो खून से सना तलवार उनके हाथ में था। उसी प्रकार पांचवा स्वयंसेवक जब उनके साथ तम्बू के भीतर गया, कुछ देर बाद गुरु गोबिंद सिंह सभी जीवित सेवकों के साथ वापस लौटे और उन्होंने उन्हें पंज प्यारे या पहले खालसा का नाम दिया। उसके बाद गुरु गोबिंद जी ने एक लोहे का कटोरा लिया और उसमें पानी और चीनी मिला कर दुधारी तलवार से घोल कर अमृत का नाम दिया। पहले 5 खालसा के बनाने के बाद उन्हें छठवां खालसा का नाम दिया गया जिसके बाद उनका नाम गुरु गोबिंद राय से गुरु गोबिंद सिंह रख दिया गया। उन्होंने पांच ककारों का महत्व खालसा के लिए समझाया और कहा झ्र केश, कंघा, कड़ा, किरपान, कच्चेरा। 27 दिसम्बर सन? 1704 को दोनों छोटे साहिबजादे और जोरावर सिंह व फतेह सिंहजी को दीवारों में चुनवा दिया गया। जब यह हाल गुरुजी को पता चला तो उन्होंने औरंगजेब को एक जफरनामा (विजय की चिट्ठी) लिखा, जिसमें उन्होंने औरगंजेब को चेतावनी दी कि तेरा साम्राज्य नष्ट करने के लिए खालसा पंथ तैयार हो गया है।

# छात्र-छात्राओं को समझाया साइबर अपराध से बचने का तरीका

अखंड भारत संदेश

### मधु वाचस्पति इं.का. में जिला अपराध निरोधक समिति के तत्वावधान में कार्यशाला का किया आयोजन



**प्रयागराज।** मधु वाचस्पति इंटर कॉलेज सुलेम सराय में बुधवार को जिला अपराध निरोधक समिति के तत्वावधान में यातायात जागरूकता, साइबर अपराध एवं महिला सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय कैंपस में आयोजित जागरुकता कार्यशाला की अध्यक्षता प्रधानाचार्या शारदा मिश्रा ने की। साइबर अपराध थाना के कनिष्ठ आरक्षी जय प्रकाश ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध की हो रही घटनाओं के संबंध में बताया और उनसे बचाव की जानकारी प्रदान की। महिला आरक्षी प्रियंका दुबे ने छात्राओं को महिलाओं के साथ समाज में होने वाले अपराधों की जानकारी दी और ऐसे अपराधों के प्रति जागरूक रहने व विरोध करने की सलाह दी। डीसीपीसी के सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने सभी को कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तीन सवारी व नशा करके वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूक किया। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी से इसके अनुपालन की भी अपील की। प्रधानाचार्या शारदा मिश्रा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्र-छात्राओं को यातायात का पालन करने एवं डीसीपीसी संस्था की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हसन ए नकवी ने सभी बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अंत में डीसीपीसी द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्या को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को संपन्न कराने में दीपक तिवारी, शोएब आलम, राकेश शर्मा, संदीप सोनी का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर कार्यक्रम में डीसीपीसी के प्रेमचंद्र स्वर्णकार, मनीष श्रीवास्तव, गणेश प्रसाद, सागर, संदीप कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### महिला सम्मान को लेकर अपनी ही पार्टी के निशाने पर ऋचा सिंह

**प्रयागराज।** इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के 135 साल के इतिहास में वर्ष 2015 में पहली महिला छात्रसंघ अध्यक्ष चुनी गईं ऋचा सिंह ने आधी आबादी के सम्मान में सिर उठा लिया है। इससे वह अपनी ही पार्टी समर्थकों के निशाने पर हैं। उन्होंने अध्यक्ष (सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव) से भी बात करनी चाही, लेकिन मंगलवार को ऐसा नहीं हो सका। दैनिक जागरण से उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर वह अध्यक्ष को जल्द ही पत्र भेजेंगी।

**पूर्व सीएम अखिलेश को टैग कर किया ट्वीट** : सपा के अधिकारिक ट्विटर हैंडल से महिलाओं के लिए शूर्पणखा, पूतनाओं जैसे शब्दों के इस्तेमाल से व्यथित ऋचा ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को टैग करते हुए ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि किसी भी महिला को शूर्पणखा या पूतना संबोधित किया जाना निंदनीय है। वह किसी भी पार्टी विचारधारा की हों, इस तरह के शब्दों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। प्रतिक्रियाएं आईं तो उन्होंने यह ट्वीट किया कि हमें इस बात पर गर्व है कि हम दुनिया के सबसे बड़े संसदीय लोकतंत्र में रहते हैं और संसदीय लोकतंत्र में संसदीय भाषा निर्धारित है।

# डॉ. शरद अग्रवाल बने आईएमए अध्यक्ष, 24 वर्ष बाद यूपी से सिर सजा अध्यक्ष का ताज

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के नए अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। प्रयागराज में आयोजित आईएमए के 97वें राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन के आखिरी दिन हुए कार्यक्रम में उन्हें पदभार ग्रहण कराया गया। डॉ.केतन देसाई आयोजन के मुख्य अतिथि थे। आईएमए अध्यक्ष के तौर पर 24 वर्ष बाद उत्तर प्रदेश से किसी डॉक्टर को यह जिम्मेदारी मिली है। इसके पहले 1998 में डॉ. टीएन मेहरोत्रा आईएमए के अध्यक्ष बने थे। आईएमए के 94वें अध्यक्ष बने डॉ.शरद अग्रवाल मूलरूप से गाजियाबाद के रहने वाले हैं। हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया के चेयरमैन सहित वह आईएमए यूपी स्टेट में भी लंबे समय तक विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने डॉक्टरों की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया। कहा, डॉक्टरों के साथ होने वाली मारपीट की घटनाओं को रोकने के लिए कोरोना काल की तरह ही कानून बनाने की मांग की जाएगी। आईएएस और आईपीएस की तर्ज पर आईएमएस (इंडियन मेडिकल सर्विसेज) शुरू करने सहित लंबे समय से बंद चल रहे बीसी राय अवार्ड को दोबारा शुरू करने की भी मांग की जाएगी। देश की स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर बनाए रखने की प्राथमिकता के तहत आईएमए भारत सरकार को सलाह भी देगा। अगर सरकार चाहे तो सभी हेल्थ प्रोजेक्ट में भी सहयोग किया जाएगा। इंट्रीग्रेटेड मेडिसिन मिक्सोपैथी का विरोध करेगा आईएमए भारत सरकार की ओर से भी इंट्रीग्रेटेड मेडिसिन मिक्सोपैथी लाने की तैयारी है। यह बात पूरी तरह से गलत है कि वर्ष 2030 तक मेडिकल के छात्रों को चिकित्सा की हर विधा की डिग्री मिलेगी। आईएमए इसका विरोध करेगा। पूरे विश्व में भारत की स्वास्थ्य सेवाएं प्रसिद्ध हैं। यही कारण है कि भारत का मेडिकल टूरिज्म बेहतर है, क्योंकि यहां सस्ती दरों पर गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं मिलती हैं। ऐसे में मिक्सोपैथी का प्रयोग करने पर अच्छे डॉक्टर नहीं मिलेंगे। मेडिकल छात्र किसी भी विधा में बेहतर नहीं रह पाएगा। इस मुद्दे पर भारत सरकार से वार्ता की जाएगी।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी करें कार्यकर्ताः केशव प्रसाद

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद का कार्यकताओं ने मानिकपुर में किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार की दोपहर लखनऊ से प्रयागराज बाई कार से जाते समय मानिकपुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश मोदनवाल मंडल अध्यक्ष के आवास पर अपना काफिला रोका जहाँ भारी संख्या में मौजूद भाजपा समर्थकों व कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर फूलों की माला पहना कर स्वागत एवं सम्मान किया।

कार्यकर्ताओ व समर्थकों के स्वागत से गद गद हुए उपमुख्यमंत्री ने मिशन लोक सभा चुनाव के लिए तैयार रहने का दिशा निर्देश भी दिया। उसके बाद प्रयागराज संगम के लिए रवाना हो गये। इस मौके पर ओम प्रकाश दीक्षित, राम मूरत पटेल, अनिल पटेल, मायापती त्रिपाठी, बबलू सोनकर रमेश मौर्या, आकाश कसेरा, राजू जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, कृष्णा प्रजापति, विश्वनाथ प्रजापति, भोला पटेल, सुरेश पटेल ,प्रेम केसरवानी, राम मिलन यादव, ललुअन प्रसाद मिश्र, मोहम्मद निजाम, दिलीप निषाद, रवि सोनकर, दीप मोदनवाल ,सत्येंद्र मिश्रा, बड़कु सोनकर ,प्रियांशु केसरवानी, रवि मिश्रा ,राज मोदनवाल सहित सभी कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। बता दें कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाई कार आगमन को लेकर प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर ब्रह्मौली बार्डर से नवाबगंज चौराहा, आलापुर ,बाई पास कौशाम्बी तक नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी,उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह व अनूप कुमार अपने स्टाफ के साथ चैराहे पर मौजूद रहे।



मानिकपुर में उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते भाजपाई।

## इंदिरा भवन पर मना कांग्रेस का स्थापना दिवस

**प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस आज जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाया गया। संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी ने कहा कि आजही के दिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना वर्ष 1885 में मुंबई में की गई थी। डॉ0त्रिपाठी ने पार्टी की स्थापना के समय के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि पार्टी ने देश को अंग्रेजों से आजादी पाने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम चलाए। स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई महात्मा गाँधी के नेतृत्व में लड़ी गयी। अंततः देश को अंग्रेजों से आजादी मिली। इस लड़ाई में कांग्रेस के तमाम नेताओं ने अपनी जान दे दी। उन्होंने कहा कि इस आजादी को हम कभी खोने नहीं देंगे। आज कांग्रेस की स्थापना का 138वां दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, प्रवक्ता कपिल द्विवेदी, योगेश यादव, आशुतोष तिवारी, सलीम उल्ला, उत्सव भूषण पाल, मो0दिलशाद कुंडा, श्याम शंकर तिवारी, देवी शंकर पांडेय, अब्दुल रहमान, मो0दिलशाद सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# प्रतिभाओं के श्रेष्ठतम प्रदर्शन से दुनिया में हो रहा भारत की यशोगाथा का गानः प्रमोद तिवारी

## वार्षिकोत्सव में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने विद्यालय को दो लाख की दी सौगात



कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करती विधायक मोना व सांसद प्रमोद तिवारी।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बुधवार को रानीगंज कैथौला स्थित सरदार पटेल इण्टर कालेज के वार्षिकोत्सव का समारोहपूर्वक समापन किया। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं सांसद प्रमोद तिवारी ने छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया।

तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव में हुई क्रीडा प्रतियोगिता में भी सफल खिलाडियो को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शील्ड व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो की प्रतिभाओं के लगातार श्रेष्ठतम प्रदर्शन से आज दुनिया में भारत का यशोगान हो रहा है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा आज बेटियां अपने शैक्षिक ज्ञान की ताकत पर देश व समाज के निर्माण मे हर क्षेत्र में प्रमुख भूमिकाओं का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। विधायक मोना ने कहा कि देश की मान प्रतिष्ठा बढने के क्षेत्र में बेटियों का योगदान गौरव से भरा हुआ हमारी सफलता का इतिहास है। उन्होने विधायक निधि से विद्यालय में शिक्षण कक्ष के निर्माण के लिए दो लाख रुपए प्रदान किये जाने की भी घोषणा की। विद्यालय के प्रबंधक लाल गीतेश्वर प्रताप सिंह ने स्वागत भाषण में विद्यालय के शैक्षिक प्रगति की गाथा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य अशोक सिंह ने किया।

# सरकारी राशन मे घटतौली को लेकर एसडीएम से हुई शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोटेदार द्वारा सरकारी राशन वितरण में की जा रही घटतौली व ग्रामीणों से अभद्रता को लेकर जनहित अधिवक्ता ने एसडीएम से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है। प्रतापरूद्रपुर गांव निवासी अधिवक्ता हरिश्चंद्र पाण्डेय ने लालगंज के एसडीएम सौम्य मिश्र को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के कोटेदार की मृत्यु होने के कारण यहां का कोटा पडोसी गांव पूरे जोधा से सम्बद्ध किया गया है। लेकिन यहां के कोटेदार द्वारा राशन वितरण में घटतौली की जा रही है। घटतौली को लेकर ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर कोटेदार व उसके परिवार के लोग अभद्रता करते है। विरोध करने पर मारपीट पर भी अमादा हो जाते है। अधिवक्ता ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर कोटेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग उठाई है।

# सांसद विनोद सोनकर ने धान क्रय केन्द्र संग्रामगढ़ का किया स्थलीय निरीक्षण

## जिलाधिकारी को दिया कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी सांसद,भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, संसदीय आचार समिति के सभापति,दादरा नगर हवेली एवं दमन दीप के प्रभारी विनोद सोनकर 28 दिसम्बर 2022 बुधवार को अपरान्ह साढ़े बारह बजे बवलिया गांव के जन चैपाल कार्यक्रम में पहुंचे। जन चैपाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रार्थना पत्र लेकर आए थे।

सांसद ने सभी के प्रार्थना पत्र लेकर सम्बन्धित विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। सांसद ने आए हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार गांव, गरीब,किसान एवं युवाओं के लिए कार्य कर रही है। चैपाल कार्यक्रम में विद्युत लाइन, विधवा,दिव्यांग पेंशन, बकुलाही नदी में पुल की समस्या को ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों द्वारा बताया गया। जिस पर सांसद ने खंड विकास अधिकारी रामपुर संग्रामगढ़ को गांव में कैंप लगाकर सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित करने का आदेश दिया। जन चैपाल कार्यक्रम के बाद सांसद विनोद सोनकर संग्रामगढ़ स्थित धान क्रय केन्द्र अचानक पहुंच गए। जहां पर केन्द्र प्रभारी गायब थे। केन्द्र प्रभारी की जगह प्राइवेट व्यक्ति केन्द्र पर मिला। जिस पर सांसद नाराज हुए। यही नहीं केंद्र पर बड़ी संख्या में मौजूद किसानों ने धान क्रय केन्द्र में अनियमितता की शिकायत की। किसानों ने बताया कि टोकन देने के बावजूद किसानों का धान नही तौला गया।

किसान की बोरी में ही धान लिया जा रहा है। किसानों को बोरी वापस नहीं दिया जा है। सांसद ने केन्द्र पर अनियमितता मिलने पर जिलाधिकारी से बात कर कड़ी कार्यवाही का निर्देश दिया। इसके बाद रामपुर संग्रामगढ़ के चकेढी, नेवादा कला एवं बाबागंज के नेवादा खुर्द गांव में जन चैपाल कार्यक्रम में जन सुनवाई कर जनता से सीधे संवाद किया। कार्यक्रम में कुंडा के पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश मिश्र सेनानी,भाजपा नेता अखिलेश दिवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, उदय शंकर पाण्डेय, पप्पू जायसवाल, संतोष सिंह, प्रधान उमेश यादव, सूरज शुक्ल, ज्ञान चंद्र यादव, महेन्द्र दूबे, मोहित मिश्र, आशुतोष जायसवाल, राम कुमार कोरी, मान सिंह, विजय पाल सरोज, शिव कुमार यादव,कुलदीप कुमार राम जी मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते सांसद विनोद सोनकर।

# विद्यालय से छात्रा को निकालने की मिल रही है धमकी, पिता ने दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्कूल वाहन चालक की लापरवाही की शिकायत के बावजूद भी स्कूल प्रबंधक द्वारा ध्यान नही दिए जाने पर एक स्कूली छात्रा का एक्सीडेंट हो गया। पीड़ित के द्वारा इसकी शिकायत प्रबंधक से करने विद्यालय द्वारा नाम काटे काटे जाने की धमकी दी गई। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है । पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर किठोली गांव के रहने वाले बृजेश कुमार पांडे ने बताया कि उनकी बेटी पट्टी तहसील क्षेत्र के लौवार स्थित एक विद्यालय में पढ़ती है जहां पर स्कूली वाहन चालक द्वारा उसके साथ लापरवाही से वाहन चलाने की शिकायत की गई लेकिन स्कूल प्रबंधन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और एक दिन एक्सीडेंट हो जाने पर जब इसकी शिकायत विद्यालय में किया गया था प्रबंधक स्कूल से छात्रा का नाम काटने की धमकी दी। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

# दुर्घटना में युवक की मौत पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दो बाइक की हुई टक्कर में घायल युवक की मौत को लेकर लालगंज कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बेलहा गांव निवासी मो. जहीर पुत्र रमजान अली ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते सात दिसंबर की शाम उसका पुत्र मो. अलफैज 32 बाइक से किसी कार्य से लालगंज जा रहा था। इधर लालगंज की ओर से एक युवक बाइक से आ रहा था। बेलहा के पास उसने लापरवाहीपूर्वक तीव्र गति से बाइक चलाते हुए पीडित के बेटे मो. अलफैज की बाइक में टक्कर मार दिया था। जिससे गंभीर रूप से घायल मो. अलफैज की मौत हो गयी थी। मामले मे पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ तीव्र गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने तथा गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

# सामाजिक दायित्वों के प्रति समर्पित थे निरंकार देवः सांसद

## समाजसेवी की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांसद कौशांबी एवं राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी विनोद सोनकर साहित्यकार, पत्रकार एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र पंडित ओम निरंकार उपाध्याय के पांचवी पुण्यतिथि पर ब्यायामशाला करनपुर करमचन्दा पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक दायित्वों के प्रति निरंकार जी सदैव समर्पित रहे।

उन्होंने कहा कि जब समाज के लिए कोई कार्य करता है तो वह वर्तमान के साथ-साथ अपने भावी पीढ़ी के लिए भी मार्गदर्शक हो जाता है । उसके विचार हमेशा प्रासंगिक होते हैं, और उसके विचारों को आगे बढ़ाने का दायित्व भावी पीढ़ी की होती है, जिसके अनुक्रम में उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम समाज को सदैव प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद प्रतापगढ़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा संगम लाल गुप्ता ने कहा कि एक मिशन थे उपाध्याय जी दबे कुचले लोगों की भावनाओं को अपनी लेखनी व एक साहित्यकार के रूप में उन्होंने सदैव उठाने का प्रयास किया।

इस अवसर पर बोलते हुए सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठानों व आयोजनों में सदैव अग्रिम पंक्ति में रहने वाले पंडित निरंकार देव उपाध्याय सदैव मेरे लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में जीवंत रहेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि मूल्य आधारित कार्य को संजोकर रखना समाज को चेतना देने का काम करता है। इस अवसर पर भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र श्सेनानी ,भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्राचार्य एमडीपीजी मनोज मिश्रा,भूपेश त्रिपाठी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी, भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष वरुण प्रताप सिंह, रोशन लाल उमरवैश्य, योगेश मिश्र योगी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, श्याम नारायण सिंह,राजन शुक्ला, चिंतामणि पाण्डेय,रतन जैन,धीरज उपाध्याय,विशाल नाथ तिवारी, सन्त तिवारी,देवेश त्रिपाठी, अखिलेश सिंह एकलब्य एकेडमी आदि ने अपने विचार किए व्यक्त करते मौजूद रहे। समारोह का संचालन अनूप अनुपम एवं आभार प्रदर्शन विवेक उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य चेकप के अलावां बड़ी संख्या में ग्रामीणों को कम्बल भी वितरित किये गये।



पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

## संवैधानिक मूल्यों तथा जनता की आवाज की रक्षा में सिर्फ कांग्रेस समर्थ- मोना

### पार्टी स्थापना दिवस पर प्रमोद व मोना ने समारोहपूर्वक दी झण्डे को सलामी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के स्थापना दिवस पर बुधवार को कांग्रेसी गढ़ रामपुर खास में जश्न का माहौल दिखा। संग्रामगढ़ मे क्षेत्रीय विधायक एवं पार्टी विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने पार्टी का समारोहपूर्वक ध्वजारोहण किया। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने पार्टी के झण्डे को सलामी भी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि आजादी के मूल्यों से लेकर देश के आधुनिक विकास की संरक्षा करने मे सिर्फ कांग्रेस की नीतियां ही देश को मजबूत बनाने मे समर्थ है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बुधवार को संग्रामगढ़ मे कांग्रेस पार्टी[र के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लालजी यादव व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संयोजन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने किया। इस मौके पर आशीष उपाध्याय, रोहित शुक्ल, अरूण तिवारी, राजेश तिवारी बाबा, डा. प्रवीन सागर शुक्ल, राकेश चतुर्वेदी, महन्थ द्विवेदी आदि रहे।



खाद्यान्न वितरण का निरीक्षण करते डीएम डा0 नितिन बंसल।

# डीएम ने टेऊंगा में खाद्यान्न वितरण का किया निरीक्षण

## कोटेदार को दिये आवष्यक निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत कार्डधारकों को निःशुल्क चावल के वितरण प्रक्रिया का जायजा लेने सरकारी उचित दर की दुकान टेऊंगा पहुँचे और वहां पर कार्डधारकों से निःशुल्क चावल वितरण के सम्बन्ध जानकारी ली और पूछा कि कोटेदार द्वारा प्रति यूनिट पर कोई कटौती तो नही की जाती है जिस पर कार्डधारकों ने बताया कि कोई कटौती नही की जाती है।

जिलाधिकारी ने दुकान के अन्दर रखे हुये चावल की गुणवत्ता को देखा जो सही पाया गया। उन्होने इस दौरान कार्डधारकों को इलेक्ट्रानिक मशीन से दिये जा रहे खाद्यान्न के तौल तथा ई-पास मशीन पर कार्डधारकों के अंगूठा लगाने की प्रक्रिया को देखा। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी को निर्देशित किया कि निःशुल्क खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की घटतौली/कटौती किसी भी कोटेदार द्वारा न की जाये इस पर विशेष ध्यान दिया जाये और यदि कहीं भी घटतौली/कटौती की शिकायत प्राप्त हो तो सम्बन्धित कोटेदार के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# दो अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो अभियुक्तो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना प्रभारी संतोष सिंह उप निरीक्षक रोहित कुमार सुनील तिवारी हमराही आलोक तिवारी के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए दो अभियुक्तो के पास से भारी मात्रा में चोरी के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण इन्वर्टर, बैट्री, टीवी, एलईडी, लैपटॉप, साउण्ड सिस्टम व सीसीटीवी का डीवीआर व चोरी से संबंधित 7200 रुपए नकद बरामद किया।

थाना हथिगवां पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के मातादीन पुरवा मोड़ के पास से अन्तर्राज्यीय चोरों के गिरोह के दो अभियुक्त सूरज सरोज पुत्र मतोंले सरोज निवासी छोटी अखितियारी कोटिला हथिगवां व मयाराम सरोज उर्फ माया पुत्र राममनोहर सरोज निवासी ग्राम परानुपुर हथिगवां को चोरी की इन्वर्टर बैट्री के साथ गिरफ्तार किया गया व अभियुक्तों की निशादेही पर भारी मात्रा में चोरी के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किये गये। इस संबंध में थाना हथिगवां पर मु0अ0सं0 256/22 धारा 41/102 सीआरपीसी व धारा 399, 401, 411 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। पकड़े गये अभियुक्तों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि जनपद प्रतापगढ़ के थाना नवाबगंज, कुण्डा, संग्रामगढ़, जनपद कानपुर कौशाम्बी तथा गुजरात राज्य के अहमदाबाद शहर में चोरी की कई घटनाओ को स्वीकार किया।

# धोखाधड़ी कर निकाल लिया 22 हजार पीड़िता परेशान, पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बीसी प्वाइंट पर पैसा निकालने गयी महिला से अंगूठा लगवाकर सर्वर फेल होने की बात करते हुए संचालक ने उसे वापस भेज दिया जब दूसरे दिन महिला ने अपना बैलेंस चेक किया तो उसके खाते से 22 हजार रुपये निकल गए थे। महिला जब संचालक के पास पहुची तो वह पैसा वापस देने में हीलाहवाली करने लगा। पीड़िता ने थाने पहुंच कर धोखाधड़ी की पुलिस से शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेठवारा थाना क्षेत्र के कानूपुर गांव निवासी शशि देवी पत्नी अवधेश नारायण ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि वह 22 हजार रुपया निकालने के लिए जेठवारा ग्रामीण बैंक के पास सनत कुमार के बीसी प्वाइंट पर गयी थी जहाँ उसने खाता से पैसा निकालने के लिए अंगूठा तो लगवाया पर सर्वर फेल होने की बात करते हुए दो दिन बाद आने को कहा।

# प्रभात एकेडमी में खेल महोत्सव का हुआ समापन



समापन मौके पर विजेताओं के साथ मौजूद सदर विधायक।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रभात एकेडमी में चल रहे खेल महोत्सव का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने विजेताओं को प्रमाण व मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा का विकास होता है। समापन दिवस पर बैडमिंटन व कैरम गेम आयोजित किया गया जिसमें सभी हाउस ने हिस्सा लिया। जूनियर वर्ग से लक्ष्य, भैरवी, शैलजा, श्रेया, अनन्या, समृद्धि आदि को प्रमाण पत्र व मेडल दिया गया। सीनियर वर्ग से पियूश, अनमोल, लक्ष्य, अंषी, अनुप्रिया आदि को प्रमाण पत्र व मेडल दिया गया। इस मौके पर राजेष सिंह, आलोक सिंह, श्याम सुंदर, अमरजीत सिंह, संतोश, आकाष, आषीष, इरफान, पूनम, मंजू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### समस्त परिषदीय विद्यालयों में आज रहेगा अवकाश

**कौशाम्बी।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि कार्यालय जिलाधिकारी द्वारा निर्गत सार्वजनिक अवकाश तालिका वर्ष-2022 में गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती का 29 दिसम्बर 2022 को सार्वजनिक अवकाश घोषित है। उन्होंने सूचित किया है कि जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में 29 दिसम्बर 2022 को गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती के अवसर पर अवकाश रहेंगा।

### पेट्रोल पम्प से चोरी हुई बाइक बरामद

**कौशाम्बी।** चरवा थाना अन्तर्गत महगांव चौकी क्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोईलहा पेट्रोल पम्प महिन्द्रा आटो सर्विस से दिनांक-24 दिसम्बर को वढ.70.उश.7680 स्पेलेन्डर काली रंग की बाइक गायब हो गई थी,जिसे महगांव चौकी प्रभारी अभिषेक गुप्ता ने बरामद कर वाहन स्वामी को सुपुर्द कर दिया है।

# बकरी चोरी करके भाग रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र से बकरी चोरी कर बाइक से भाग रहे दो चोरों को ग्रामीणों ने बलीपुर टाटा चौराहे के पास दौड़ा कर पकड़ लिया है और बकरी चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया है पकड़े गए बकरी चोर पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र के मंदर गांव निवासी बताए जाते हैं बकरी चोर के पकड़े जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ लग गई और आक्रोशित ग्रामीण बकरी चोर के साथ मारपीट करने पर उतारू थे लेकिन इसी बीच मामले की सूचना किसी ग्रामीण ने पुलिस को दे दी सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों के भीड़ से बकरी चोर को अपने हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत चरवा के मजरा मीरन पर से बुधवार को एक बकरी चुरा कर बाइक से भाग रहे दो युवको को ग्रामीणों ने धर दबोचा बताया जाता है कि बाइक सवार बकरी चोर बुधवार को मीरनपर गांव पहुंचे और दीपक पाल की बकरी मीरन गांव से चुरा कर बाइक से भागने लगे बकरी चोरी की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने बाइक सवारों का पीछा किया और बलीपुर टाटा चौराहे पर स्प्लेंडर बाइक सवार बकरी चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया बताया जाता है कि पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मंदर गांव के निवासी प्रदीप कुमार और उसका एक साथी बकरी चोरी के धंधे में लंबे समय से लिप्त थे ग्रामीणों की सक्रियता से बकरी चोर पकड़े गए और दोनों चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

**बकरी चोर के पकड़े जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर लगी ग्रामीणों की भारी भीड़**



बकरी चोर को पकड़ने के दौरान एकत्रित भीड़

### समदा और भैला गांव में नहर का कहर

**कौशांबी।** उदिहिन से भैला मदूमपुर माइनर में सफाई के दौरान करते समय जेसीबी के द्वारा नहर के मेढ कट जाने के कारण और आगे सफाई न होने के कारण नहर में पानी आ जाने से मंझनपुर नगर नगर पालिका के वार्ड नंबर 13 अटल बिहारी नगर (समदा )में आगे सफाई न होने के कारण पानी का बहाव नहीं हो सका। जिससे कारण नहर का पानी नहर के मेढ को तोड़कर अटल बिहारी नगर समदा के लगभग 20 लोगों के घरों में पानी भर गया जिससे लोगों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ वार्ड नंबर 13 अटल बिहारी नगर बाजपेई के लोगों के घरों में घुसे पानी को लोग पंचक्की लगाकर अपने घरों से बाहर पानी निकाला फिर भी पानी अभी नहीं निकल पाया। कुछ लोगों ने तो डिब्बों में भर भर कर पानी को निकाल रहे हैं फिर भी पानी अभी लोगों के घरों से बाहर नहीं निकल पाया है लोग आज दिन भर पानी ही सब लोग फेकते नजर आए वार्ड नंबर 13 के लोगों ने बताया कि हम लोग अधिकारियों के पास गएलेकिन कोई अधिकारी एक भी नहीं सुनी लोगों ने जल निगम के पास गए तो उन्होंने सीधा जवाब दिया कि हम लोग जल निगम विभाग के हैं हम लोगों से नहर विभाग से कोई लेना देना नहीं है आप लोग फतेहपुर जाइए अधिकारियों का जवाब है आखिर गांव के भोले भाले लोग यही पता होता तो लोग इन लोगों के पास क्यों जाते इसी तरह माइनर में भयला मखदुमपुर गांव के आगे मिट्टी पड़े होने से नहर का पानी नहर के मेंढ को काटकर सैकड़ों बीघा में पानी चला गया जिससे किसानों की खरीफ की फसल सैकड़ों बीघा चौपट हो गई ।

## न्यूज झरोखा

### आग से नकदी सहित गृहस्थी का सामान खाक



**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारा नगर कड़ा धाम के वार्ड नं 1 तिलक नगर में एक अकेली बुजुर्ग महिला के घर मे बीती देर शाम आग लग गयी जिससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। जानकारी के मुताबिक फूलकली माता इंद्र पाल परिजनों से अलग घर मे रहती हैं बीती देर शाम वह मोमबत्ती जलाकर सो रही थी मोमबत्ती से ओढ़ने बिछाने वाले बिस्तर में आग लग गई ,पूरी गृहस्थी धू धू कर जलने लगी आग से घिरी वृद्ध महिला की चिल्लाहट से पड़ोसियों ने महिला को घर से बाहर निकाल कर आग में काबू पाया है अब तक महिला की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गयी।

### प्रीति नीरज कौशल बनी उत्तर प्रदेश महिला कोषाध्यक्ष




**भरवारी कौशाम्बी।** अखिल भारतवर्षीय अयोध्यावासी वैश्य की एक बैठक भरवारी कस्बे में आयोजित हुई बैठक में समाज के विषय में उपस्थित लोगों ने विस्तार से चर्चा की और निर्णय लिया कि संगठन का विस्तार किया जाना है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय अयोध्यावासी वैश्य राजेश गुप्ता की उपस्थिति में भरवारी की प्रीति नीरज कौशल को उत्तर प्रदेश महिला कोषाध्यक्ष और महिला सभा कौशांबी का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया प्रीति नीरज कौशल के मनोनयन के बाद उपस्थित लोगों ने तालियों की करतल से उनका जोरदार स्वागत किया है इस मौके पर प्रीति नीरज कौशल ने कहा कि भारतवर्षीय अयोध्या वासी बैश्य समाज के लोगों को संगठित किया जाएगा और समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कौशल, जिला अध्यक्ष महिला सभा उत्तर प्रदेश की माया कौशल, सात्विक वैश्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### नेशनल इंटर कॉलेज में छात्रों को दिया गया स्वेटर



**भरवारी कौशाम्बी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में बुधवार को छात्रों को स्वेटर दिया गया है प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए छात्रों की मदद करने को स्कूल तैयार है और इसी क्रम में नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी के गरीब छात्रों को स्वेटर वितरण किया गया कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर कुमार तिवारी ने किया कार्यक्रम में विशाल कुमार मिश्रा वरुण शंकर मिश्रा अतुल मिश्रा सुनील यादव चंद्रकांत शुक्ला स्वतंत्र श्रीवास्तव डॉ प्रदीप सिंह विनोद कुमार मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# छेड़खानी के आरोप में जिला प्रवेशन अधिकारी पर मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का जिम्मा शासन ने जिसे दिया है उसी अधिकारी पर छेड़खानी का आरोप लगा है जिससे जिले में एक बार हलचल मच गई है पूरे दिन जनपद मुख्यालय में अधिकारी के कारनामे को लेकर चर्चा होती रही छेड़खानी की पीड़ित महिलाओं के समर्थन में संगठन की महिलाएं भी उतर आई हैं और पुलिस अधिकारियों से मिलकर कार्यवाही की मांग की है जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम पर छेड़खानी का आरोप उनके विभाग की संविदा कर्मी महिलाओं ने लगाया है मामले की शिकायत शासन स्तर तक भी पीड़ित महिलाओं ने की है जिससे मामला सुर्खियों में आ गया है महिलाओं के आरोप लगाए जाने के बाद जिला अधिकारी ने छेड़खानी के संपूर्ण प्रकरण की जांच करने के लिए अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी है इसी बीच मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने छेड़खानी की पीड़ित महिलाओं की तहरीर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के नाम मुकदमा दर्ज कर लिया है पीड़ित महिलाओं के बयान पुलिस दर्ज कर रही है सूत्रों की मानें तो छेड़खानी के आरोपी जिला प्रोवेशन अधिकारी को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने समदा चौराहे के पास एक दुकान से बुधवार की सुबह 11:00 बजे गिरफ्तार कर लिया है छेड़खानी के आरोपी जिला प्रोबेशन अधिकारी के खिलाफ शासन को डीएम द्वारा पत्र लिखा जा रहा है जिससे जिला प्रोबेशन अधिकारी की मुश्किलें अभी और बढ़ सकती हैं बताया जाता है कि जिस महिला संविदा कर्मी पर लापरवाही के आरोप में पूर्व में विभाग ने बड़ी कार्यवाही की थी उसी महिला संविदा कर्मी को जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बहाल कर दिया था जिस महिला संविदा कर्मी को दंड पाने से जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बचाया था उसी महिला संविदा कर्मी जिला प्रोबेशन अधिकारी के लिए मुसीबत बन गई है महिला संविदा कर्मी को गलत तरीके से बहाल किए जाने के मामले की यदि फिर से जांच शुरू हुई तो महिला संविदा कर्मी की भी मुसीबत बढ़ना तय है।

**जिन संविदा कर्मियों को जिला प्रवेशन अधिकारी ने किया था बहाल वही संविदा कर्मी महिला बनी जिला प्रोवेशन अधिकारी के लिए मुसीबत**



### जिला प्रवेशन अधिकारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** वन स्टॉप सेन्टर में नियुक्त सविदा महिला कर्मी द्वारा जिला प्रवेशन अधिकारी के खिलाफ थाना मझनपुर में छेड़खानी के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना मंझनपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था इस क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी मझनपुर के पर्यवेक्षण में बुधवार को थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त राजनाथराम पुत्र ललसा राम निवासी ग्राम बीबीपुर थाना तहबरपुर जनपद आजमगढ को नहर पुलिया भड़ेसर रोड कचहरी मोड़ से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# 147 लीटर शराब के साथ 06 अभियुक्त गिरतार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन मे जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानो द्वारा कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 147 लीटर अवैध शराब मय उपकरण बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त आरिफ पुत्र चुन्नू निवासी रहिमपुर मौलानी थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त फूलमती पत्नी स्व0 राजकुमार निवासी समसाबाद थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार पुत्र फूलचन्द्र निवासी रामधीन का पुरवा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब व पंचू कोरी पुत्र दुजे कोरी निवासी गढ़ी बाजार मजरा रक्सौली थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 12 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रनिया देवी पत्नी कल्लू पासी निवासी उमरावा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 7 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मनोज कुमार पासी पुत्र शिवदास पासी निवासी वार्ड नं0 06 अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 100 लीटर अवैध शराब बरामद होने और अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# मान्यता प्राप्त पत्रकार संवाददाता समिति के उपाध्यक्ष बने महेंद्र मिश्र

**अखंड भारत संदेश**

**रामबदन भार्गव ने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता ही उनकी ताकत है संगठन से ही आने वाली समस्याओं से आसानी से निपटा जा सकता है**



**कौशांबी।** जिला मुख्यालय स्थित सरस हाल में बुधवार को मान्यता प्राप्त पत्रकार संवाददाता समिति की मासिक बैठक रामबदन भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अपने उद्बोधन में समिति के अध्यक्ष श्री भार्गव ने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता ही उनकी ताकत है संगठन से ही आने वाली समस्याओं से आसानी से निपटा जा सकता है उन्होंने कहा कि वर्तमान में पत्रकारिता की दिशा एवं दशा में चिंतन किया जाना आवश्यक है उन्होंने कहा कि बहुत ही मुश्किल परिस्थितियों में पत्रकार साथी काम कर रहे हैं उनका संरक्षक राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाना समय की जरूरत है मान्यता प्राप्त पत्रकारों को पेंशन दिए जाने के लिए सरकार ने जो मानक तय किया है वह बेहद ही आपत्तिजनक है सरकार को इसमें संशोधन करना चाहिए जिससे अधिकतर पत्रकारों को पेंशन सुविधा मिल सके साथ ही पाँच लाख स्वास्थ्य बीमा योजना एवं जिला मुख्यालय में आवास सुविधा मुहैया कराए जाने की घोषणा की घोषणा भी सरकार को करना चाहिए पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र मिश्र को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया इस अवसर पर जयशंकर गुप्ता, बालमुकुंद तिवारी, मोहम्मद अरशद, मो जमशेद मोअज्जम खान,महेंद्र मिश्र, रमेश त्रिपाठी, कृष्ण मिश्र, सचज्ञान द्विवेदी, जरीना सिद्धकी, मोहम्मद अलीम आदि मौजूद रहे।

### यूट्यूब का आईडी पासवर्ड पूछ कर बदल दिया आईडी पासवर्ड

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के कंजा पर मंजर रक्सवारा गांव निवासी कन्हैया लाल पुत्र जवाहरलाल करन चौराहा सराय अकिल में मोबाइल शॉप की दुकान खोल रखा है भुक्तभोगी यूट्यूब का आईडी और पासवर्ड बना रखा था। एक हफ्ते पहले अर्जुन देवी गांव निवासी काजल दुद्धी जिला सोनभद्र ने भुक्तभोगी से फोन करके यूट्यूब का आईडी पासवर्ड पूछ लिया। भुक्तभोगी का आईडी पासवर्ड पूछ कर भुक्तभोगी के यूट्यूब के आईडी पासवर्ड को बदल दिया जिससे भुक्तभोगी परेशान हो गया। भुक्तभोगी ने आरोपी से आईडी और पासवर्ड के बारे में पूछा तो आरोपी गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकियां देने लगा। आहत होकर भुक्तभोगी ने आरोपी के विरुद्ध सराय अकिल थाने में तहरीर दी तारी पागल तहरीर पाकर सराय अकिल पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आईपीसी धारा 419 /420/ 504/ 66बी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

# सीडीएस की तर्ज पर प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की जगह मीडिया काउंसिल बनाए सरकार : शास्त्री

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** इंडिया प्रेस रिपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन ₹एेप्रवा₹ के अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार आचार्य श्रीकान्त शास्त्री ने सरकार से मांग किया है और कहा जिस प्रकार से तीनों सेना को एक करके एक सीडीएस बनाया गया है उसी प्रकार से प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की जगह मीडिया काउंसिल बनाया जाये।

शास्त्री जी ने सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि सरकारे पत्रकारों के मामलों में अनदेखीं करतीं चलीं आ रही है जिस प्रकार से पत्रकारों को बिना लिखा पढ़ी कहने भर के लिए चौथा स्तंभ कहा जाता है लेकिन ऐसा है नहीं, यह बहुत ही खेद का विषय है और इससे भद्दा मजाक भी नहीं हो सकता, सरकार जल्द पत्रकारों को चौथे स्तंभ का दर्जा देकर अधिसूचित करें₹ एवं मीडिया कमीशन का पुनर्गठन कराए और साथ ही मीडिया प्रोटेक्शन बिल लागू हो अन्यथा की स्थिति में [ऑल इंडिया प्रेस रिपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन] ₹एेप्रवा₹ परिवार की ओर से देशभर में बड़ा आंदोलन के साथ जन जागरण किया जाएगा। शास्त्री जी द्वारा पुनः बताया गया है कि निम्न सभी मांगों के सम्बन्ध में ऐप्रवा परिवार की ओर से दशको से जरिए रजिस्ट्री पत्र, ईमेल, सोशल मीडिया, समाचार पत्रों इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं सक्षम अधिकारियों से मांग करता चला आ रहा हैं। लेकिन पत्रकारों की इस मांग को अभी तक ठंडे बस्ते में रखा गया है जो बहुत ही खेद का विषय है, जो समाज सबको उजाला दिखाता है उसी को अंधेरा मे रख दीया गया है। यदि इसमे अनदेखी की गयी तो, जिस प्रकार से पीसीआई के गड़बड़ झाले के खिलाफ एवं उ.प्र. प्रेस मान्यता समिति के संबंध में व पत्रकारों के अन्य समस्याओं के मामलों में जिस प्रकार से ऑल इंडिया प्रेस रिपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन परिवार द्वारा न्यायालय न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया है उसी प्रकार से इसमें भी न्याय पाने के लिए ऐप्रवा परिवार न्यायालय का दरवाजा खटखटायेगा।

**प्रेस काउंसिल आफ इंडिया की जगह मीडिया काउंसिल बनाए सरकार, ताकि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का भी हित संरक्षित हो सके**

**पत्रकारों को चौथे स्तंभ का दर्जा देकर अधिसूचित किया जाए एवं मीडिया कमीशन का पुनः पुनर्गठन हो व मीडिया प्रोटक्शन बिल लागू हो**

# पूरे प्रदेश के शिक्षक 30 दिसंबर को सीएम को सौपेंगे ज्ञापन : महेंद्र यादव

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जबरन एनपीएस लागू किए जाने के संदर्भ में 30 दिसम्बर को प्रदेश भर के शिक्षक बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देगे ' वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा नई पेंशन योजना जबरदस्ती बेसिक शिक्षको पर थोपे जाने के विरोध में संगठन मजबूर होकर शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य हो रहा है बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र कुमार यादव के आह्वान पर संगठन के जिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी गण जिला अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देगे। उन्होंने बताया कि नई पेंशन योजना प्रदेश में 1 अप्रैल 2005 से लागू की गई है नई पेंशन योजना शिक्षकों कर्मचारियों के हितों के विपरीत है इसी कारण अब तक अधिकांश शिक्षकों ने इसे स्वीकार नहीं किया और लगातार पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने की मांग संगठन कर रहा हैं जबकि वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा लगातार पत्र जारी कर इस नई पेंशन योजना को स्वीकार करने का जबरदस्ती दबाव बनाया जा रहा है जबकि नवीन पेंशन योजना स्वैच्छिक है वित्त नियंत्रक द्वारा बार-बार पत्र जारी कर शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध करने की धमकी देना अलोकतांत्रिक है जिसके कारण प्रदेश भर के लाखों बेसिक शिक्षकों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमार यादव ने कहा कि अगर एनपीएस को जबरन शिक्षकों पर थोपने का काम बंद नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# प्रदेश में पहली बार सहकारिता के क्षेत्र में विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित एक सहकारी समिति की हुई शुरूआत

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी आज के समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। ऐसा पहली बार है कि प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में विज्ञान एवम तकनीक पर आधारित एक सहकारी समिति की शुरूआत हुई है। पिछले कुछ वर्षों में सहकारी संस्थाओं में युवाओं कि रुचि में कुछ कमी देखने को मिली है। लेकिन आज देश के सर्वोच्च संस्थान जैसे आईआईटी, एनआईटी, आईआईएससी बंग्लौर तथा इम्पीरियल कालेज लंदन इत्यादि में पढे इंजीनियर्स ने सहकारिता में अपना कदम रखा है।

यह बातें प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जे.पी.एस.राठौर ने आज गोमती नगर स्थित ताज होटल में साईंस एण्ड टेक्नालाजीस सहकारी समिति के उदघाटन समारोह के अवसर पर कही। उन्होंने साईंस एण्ड टेक्नालाजीस सहकारी समिति की फाउण्डर टीम को बधाई दी और सफल भविष्य कि कामना की। श्री राठौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समिति का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि आज का युग टेक्नॉलाजी का है और प्रदेश में यह पहला अवसर है जब विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित एक सहकारी समिति कि शुरूआत हुई है। इस समिति के गठन के पश्चात कई दुरूह कार्य आसानी से किये जा सकेंगे। उक्त जानकारी जिला अधिकारी कार्यालय द्वारा दी गई है। जिला सूचना अधिकारी द्वारा भेजे गए प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सहकारिता के क्षेत्र मे लगातार अग्रणी रहा है। इसी क्रम में आज सहकारिता को आगे बढाने के लिये संस्थाओ में ऊजार्वान युवा एवं विज्ञान और तकनीक को बढावा देने उद्देश्य से श्री संकल्प सिंह बोहराजी द्वारा साईंस एण्ड टेक्नालाजीस सहकारी समिति की स्थापना कि गयी है, जिससे सहकारिता के क्षेत्र में नई क्रांति आयेगी। इस अवसर पर श्री बोहराजी ने बताया कि समिति में सभी प्रकार की सुविधाओं को सुचारू ढंग से निष्पादित करने के लिये सभी क्षेत्र के विषय विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। इस संस्था का उद्देश्य सहकारिता के क्षेत्र में विज्ञान और प्रौद्यिगिकी को बढ़ावा देना है। समिति विभिन्न प्रकार की सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को साफ़्टवेयर,वेबसाईट,मोबाईल अप्लीकेशन, इवेंट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मार्केटिंग, स्टार्टअप मेंटरिंग आदि जैसी सुविधाए प्राप्त कराने के लिये कार्यरत है। समिति के फाउण्डर सदस्यों ने पूर्व में आई.सी.ए.आई. और अन्य कई बड़ी संस्थाओं के साथ सोशल मीडिया एवं इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र मे कार्य किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान को सार्थक करने के लिये साईंस एण्ड टेक्नालाजीस सहकारी समिति सहकारिता क्षेत्र और आज के समय के श्रम दक्षता शास्त्र के बीच में एक सामंजस्य बनाने कि ओर प्रतिबद्ध है इस अवसर पर अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (बैंकिंग) श्रीमती बी.चंद्रकला, विशेष सचिव सहकारिता अच्छेलाल यादव, सलाहकार पीके अग्रवाल एवं समस्त शीर्ष सहकारी संस्थानो के प्रबंध निदेशक मौजूद रहें।

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी आज के समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग आज का युग टेक्नॉलाजी का युग है : श्री जेपीएस राठौर**

# रेप के नाबालिग आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** थाना करारी क्षेत्र में रेप के आरोप में एक नाबालिग युवक पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था बुधवार को पुलिस ने आरोपी नाबालिग युवक को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेज दिया गया।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा रात्रिगस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त पवन यादव पुत्र हीरा लाल निवासी गौसपुर थाना चरवा को कोइलहा मजार के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 164 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनो का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना सैनी से तीन थाना कड़ाधाम से दो कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## संपादकीय

# कोरोना से लड़ाई में एक गलती भी पड़ सकती है भारी

**इस** समय दुनिया के अनेक देश कोरोना के नए वैरियंट बीएफ.7 से जूझ रहे हैं। भारत में भी कोरोना के नए केस आये हैं लेकिन भारतीयों के चेहरे पर कोई?खौफ नजर नहीं आ रहा। इसका श्रेय देश में सफलतापूर्वक चले टीकाकरण अभियान को जाता है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, अमेरिका सहित कई देशों में कोरोना के नये वेरिएंट के मामलों और उससे हुई मौतों के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। भारत में भी चीन में तबाही लाने वाले एवं भयंकर तबाही की आहट देने वाले बेरिएंट बीएफ.7 के 4 नये मामले मिले हैं, जो गहरी चिन्ता बढ़ा रहे हैं। सरकार सर्तक हो गयी है, आम जनता को भी सावधान रहना होगा। मास्क पहनने एवं बूस्टर डोज लगवाने के अभियान को गति देनी होगी। सार्वजनिक भीड़ को कम करना होगा, सभाओं, त्यौहारों, राजनीतिक आयोजनों पर नियंत्रण करना होगा, स्कूलों को भी सावधान एवं चौकन्ना रहना होना होगा। सब जानते हैं कि इस विषाणु और उसके संक्रमण से उपजी बीमारी की शुरूआत चीन से हुई थी और उसके बाद दुनिया का अनुभव बेहद त्रासद, डरावना एवं विस्फोटक रहा। यही वजह है कि अब एक बार फिर चीन में जब कोरोना संक्रमण से हालात बिगड़ने की खबरें आ रही हैं तब दुनिया के अनेक देशों के साथ-साथ भारत में भी चिंता की लहर दौड़ गई है। खबरों के मुताबिक चीन में स्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है और संक्रमितों के इलाज के लिए अस्पतालों में जगह नहीं मिल पा रही है। कोरोना की नयी लहर लाने वाले वाले वेरिएंट बीएफ.7 से जुड़ी खबरें एक बार फिर बड़े महासंकट का इशारा कर रही हैं। चीन एवं दुनिया के अन्य देशों में कोरोना के बढ़ते मामले चिंता में डालने लगे हैं, क्योंकि कोरोना की पूर्व लहरों में भारी जन-तबाही हुई है। अब इस नयी लहर को लेकर जैसे भयावह दृश्य चीन में बने हैं, वे भय, डर एवं आशंका का माहौल बना रहे हैं, भारत के लिये सुरक्षित जीवन के लिये बूस्टर डोज एक जरूरी एवं उपयोगी कदम है। पिछले लम्बे समय से कोरोना महामारी को लेकर राहत का माहौल हमने देखा था, उससे यह लगने लगा था कि अब शायद दुनिया पहले की तरह सामान्य स्थिति की ओर लौट रही है। लेकिन अब फिर चीन से जैसी खबरें आ रही हैं, वह एक तरह से सतर्क रहने की चेतावनी दे रही हैं, ताकि समय रहते कोरोना के फैलाव को रोका जा सके। भारत ने पूर्व में कोरोना महामारी को परास्त करने में जो उपक्रम किये, वैसे ही उपक्रम किये जाने की जरूरत है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार अगर सतर्क हुई है तो यह उसकी जनता के प्रति जागरूकता को दर्शार्ता है, जो आवश्यक भी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को एक बैठक करके हालात की समीक्षा की। उसके बाद नीति आयोग की तरफ से लोगों को भीड़भाड़ वाली जगह में मास्क लगाने की सलाह दी गई। एयरपोर्ट पर विदेशी यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग भी शुरू कर दी गई है। इससे पहले सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया गया कि कोरोना के हर पॉजिटिव सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जाए। इससे इस बात पर नजर बनी रहेगी कि देश में इस वायरस का कोई नया वेरिएंट तो नहीं आ गया। ये सावधानियां किसी भयंकर विनाश से भारत की जनता को बचाने एवं सुरक्षित करने के लिये जरूरी हैं। भारत में अभी बेवजह की चिन्ता एवं घबराने की कोई जरूरत नहीं है। एक तो यहां नए केसों की संख्या सबसे निचले स्तर पर है। दूसरे, देश में आबादी के बड़े हिस्से को टीका लग चुका है। साथ ही, यहां नैचरल इम्युनिटी भी विकसित हो चुकी है। दरअसल, भारत में कोरोना से बचाव के लिए जिस तरह व्यापक स्तर पर टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया और लोगों ने इस मसले पर जागरूकता दिखाई, वह यहां राहत का एक बड़ा कारण है। माना जा रहा है कि टीकाकरण के मामले में भारत को जैसी उपलब्धि मिली है, उसमें अब कोरोना के बहुरूपों के संक्रमण से लोग बचे रहेंगे। टीका बनाने वाली कंपनियों के साथ-साथ सरकार की ओर से भी इस बात का आश्वासन दिया गया था कि टीका कोरोना के खिलाफ एक सुरक्षा दीवार के तौर पर काम करेगा। इसके बावजूद विषाणुओं की प्रकृति को देखते हुए हर स्तर पर सजग रहने एवं बूस्टर डोज को प्राथमिकता देने की जरूरत है, अन्यथा इसकी मार से उपजी त्रासदी दुनिया देख चुकी है। कोरोना का अब तक का अनुभव बताता है कि इस वायरस को किसी भी सूरत में हलके में नहीं लेना चाहिए। यह एक बार फैल गया तो इस पर नियंत्रण आसान नहीं है। इसलिए सबसे अच्छा यही है कि जैसे भी हो इसे फैलने से ही रोका जाए। पहले दौर में जब वुहान से विषाणु के संक्रमण की खबरें आईं थी, तब शायद वक्त पर अपने-अपने देशों में सावधानी बरतने को लेकर उतनी जागरूकता नहीं आ पाई थी, नियंत्रण के साधन नहीं थे, आम जनता एवं सरकार तैयार भी नहीं थी। इसलिए उसका असर भी व्यापक हुआ और समूची दुनिया के देश इसकी चपेट में आए। भारत उससे सबसे ज्यादा बुरी तरह प्रभावित होने वाले देशों में से एक था। इसलिए स्वाभाविक ही इस बार चीन में कोरोना से स्थिति बिगड़ने की खबरें आने के साथ ही भारत में सावधानी बरतने को लेकर जरूरी कदम उठाए जाने लगे हैं। यह सरकार की सूझबूझ भी है और जागरूकता भी है। विदेशों में कोरोना के नए मामलों में हो रही अप्रत्याशित बढ़ोतरी सचमुच चिंताजनक है। खासकर चीन में तो भयावह हालात हैं। जिस व्यापक स्तर पर उसके फैलने एवं जिस बड़े पैमाने पर मौतों की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं, वह भारत सहित समूची दुनिया को सतर्क एवं सावधान हो जाने की टंकार है। उसे समय पर गंभीरता से लेना महामारी के प्रकोप को कम करना ही माना जायेगा। चीन के दृश्य डरावने एवं चिन्ता पैदा करने वाले हैं।

# सभ्य समाज में जीवन से हार मानते लोगों का बढ़ना

ललित गर्ग

**महज** 20 वर्ष की उम्र में मशहूर टीवी एक्ट्रेस तनीषा शर्मा ने अपने सीरियल की शूटिंग के सेट पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इसी तरह पिछले कुछ सालों में बालीवुड या टेलीविजन में अभिनय की दुनिया में अपनी अच्छी पहचान बनाने वाले सुशांत सिंह राजपूत, वैशाली ठक्कर, आसिफ बसरा और कुशल पंजाबी से लेकर परीक्षा मेहता जैसे अनेक कलाकारों ने आत्महत्या की। प्रश्न है कि इन स्थापित कलाकारों ने आत्महत्या क्यों की? आखिर मनोरंजन की दुनिया में अचानक आत्महत्या कर लेने की घटनाएं क्यों बढ़ रही है? निश्चित रूप से खुदकुशी सबसे तकलीफदेह हालात के सामने हार जाने का नतीजा होती है और ऐसा फैसला करने वालों के भीतर वंचना का अहसास, उससे उपजे तनाव, दबाव और दुख का अंदाजा लगा पाना दूसरों के लिए मुमकिन नहीं है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। बालीवुड या टेलीविजन ही नहीं, आम जीवन में भी आत्महत्या की समस्या दिन-पर-दिन विकराल होती जा रही है। इधर तीन-चार दशकों में चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से जहां बीमारियों से होने वाली मृत्यु संख्या में कमी आयी है, वहीं इस वैज्ञानिक प्रगति, भौतिकवादी जीवनशैली एवं तथाकथित विकास के बीच आत्महत्याओं की संख्या पहले से अधिक हो गई है। यह शिक्षाशास्त्रियों, समाज एवं शासन व्यवस्था से जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए चिंता का विषय है। चिंता की बात यह भी है कि आज के सुविधाभोगी एवं प्रतिस्पर्धी जीवन ने तनाव, अवसाद, असंतुलन को बढ़ावा दिया है, अब सन्तोष धन का स्थान अंग्रेजी के मोर धन ने ले लिया है। जब सुविधावादी मनोवृत्ति, कैरियर एवं बी नम्बर वन की दौड़ सिर पर सवार होती हैं और उन्हें पूरा करने के लिये साधन, सामर्थ्य एवं परिस्थितियां नहीं जुटा पाते हैं, या काम का दबाब अति हो जाता है, तब कुंठित, तनाव एवं अवसादग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है।

सिनेमा या टेलीविजन के पर्दे पर एक सशक्त किरदार के तौर पर जिंदगी के लिए संघर्ष का संदेश देने वाले लोग ही जब व्यक्तिगत मोर्चे पर हार कर खुदकुशी कर लेते हैं, तो ऐसे किरदार कैसे असरकारक हो सकते हैं? इससे तो केवल उस व्यक्ति के मनोबल की कमजोरी ही जाहिर नहीं होती बल्कि वह





एक समाज या समुदाय की बहुस्तरीय नाकामी का उदाहरण होता है। मुंबई का फिल्म और टीवी उद्योग पिछले कई सालों से इस समस्या से दो-चार है कि सिनेमा में हंसता-खेलता और सार्वजनिक जीवन में लोगों का पसंदीदा बन गया कलाकार आखिर किसी दिन अचानक खुदकुशी कर लेता है। मगर किसी भी स्थिति में जीवन खो देने के बजाय हालात से लड़ना और उसका हल निकालना ही बेहतर रास्ता होता है, यह सीख कौन देगा? पर मुख्य सवाल यही रह जाता है कि आमतौर पर सभी सुविधाओं एवं समृद्धताओं के शिखर पर स्थापित एवं अपने आसपास कई स्तर पर समर्थ लोगों की दुनिया में सार्वजनिक रूप से अक्सर मजबूत दिखने के बावजूद कोई व्यक्ति भीतर से इतना कमजोर क्यों हो जाता है कि जिंदगी के उतार-चढ़ाव या झटकों को बर्दाश्त नहीं कर पाता? बॉलीवुड में ऐसे कई सेलिब्रिटीज हैं जो रिश्तों की समस्याओं को लेकर भी तनावग्रस्त रहे थे। जैसे सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या की बात की जाये तो कई मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था कि रिया चक्रवर्ती और सुशांत सिंह राजपूत के बीच रिश्तों में कुछ समस्याएं थी, जिसके चलते सुशांत सिंह राजपूत ने कथित आत्महत्या जैसा कदम उठाया। हाल ही में तनीषा शर्मा सुसाइड मामले में भी उनकी मां ने एक्टर और तनिषा के बॉयफ्रेंड शीजान खान पर आरोप लगाया है कि उसने तनीषा को आत्महत्या करने के लिए उकसाया। अभिनेत्री जिया खान ने 3 जून 2013 को अपने जुहू अपार्टमेंट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उनकी मौत के बाद ही 6 पेज का एक सुसाइड नोट बरामद हुआ जिसमें सूरज पंचोली का नाम लिखा हुआ था। इस नोट में जिया ने बिगड़ते रिश्ते और ब्रेकडाउन जैसी कई बातें लिखी थी। इसी प्रकार अप्रैल 2016 टीवी कलाकार प्रत्युषा बनर्जी ने भी प्यार में मिले धोखे के चलते आत्महत्या कर ली थी। तनीषा शर्मा के साथ आखिर क्या ऐसा हुआ, जिसका हल उसे अपनी जान देने में ही नजर आया! सामान्य नजरिए से देखें तो यही कहा जा सकता है कि आत्महत्या की दूसरी घटनाओं में जिस तरह व्यक्ति हार कर ऐसा कदम उठाता है, वैसी ही कोई परिस्थिति पैदा हुई होगी। पर वे कौन-सी और कैसी असामान्य परिस्थितियां इन कलाकारों के सामने रही कि उन्होंने उनसे बचने या टकराने के बजाय जिंदगी की हार यानी आत्मकत्या का रास्ता चुना? सिनेमा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बढ़ती प्रतिस्पर्धा, शैक्षणिक दबाव एवं अभिभावकों की अतिशयोक्तिपूर्ण महत्वाकांक्षाओं के कारण आत्महत्या की घटनाएं अधिक देखने को मिल रही है। उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र भी आत्महत्या कर रहे हैं। रिकॉर्ड बताते हैं

> राजनैतिक उथल-पुथल और व्यापार में नुकसान, आर्थिक तंगी भी आत्महत्या का कारण बनती है। किसानों की फसल की तबाही और कर्ज की अदायगी की चिंता से हो रही आत्महत्या भी गंभीर समस्या बन गई है। कर्ज लेकर घी पीने की जीवनशैली ने भी सबकुछ दांव पर लगा दिया है। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण में वृद्धि भी इसके कारण है

कि पिछले एक दशक में आईआईटी के 52 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह संख्या इतनी छोटी भी नहीं कि ऐसे मामलों को अपवाद मानकर नजरअंदाज कर दिया जाए। बेशक ऐसे हर मामले में अवसाद का कारण कुछ अलग रहा होगा, वे अलग-अलग तरह के दबाव होंगे, जिनके कारण ये छात्र-छात्राएं आत्महत्या के लिए बाध्य हुए होंगे। ऐसे संस्थानों में जहां भविष्य की बड़ी-बड़ी उम्मीदें उपजनी चाहिए, वहां अगर दबाव और अवसाद अपने लिए जगह बना रहे हैं और छात्र-छात्राओं को आत्महंता बनने को विवश कर रहा है तो यह एक काफी गंभीर मामला है। फ्रांसिस थामसन ने कहा कि ह्वअपने चरित्र में सुधार करने का प्रयास करते हुए, इस बात को समझें कि क्या काम आपके बूते का है और क्या आपके बूते से बाहर है।ह्व इसका सीधा-सा अर्थ तो यही हुआ कि आज ज्यों-ज्यों विकास एवं सुविधावाद के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं, त्यों-त्यों सहिष्णुता-संवेदना के आदर्श धूल-धूसरित हो रहे हैं और मनुष्य आत्महंता होता रहा है।

जो परिवार तलाक, अलगाव, आर्थिक कलह एवं अभावों, रिश्तों के कलह के कारण टूटी हुयी स्थिति में होते हैं उनमें भी आत्महत्या की घटनाएं अधिक पायी जाती हैं। राजनैतिक उथल-पुथल और व्यापार में नुकसान, आर्थिक तंगी भी आत्महत्या का कारण बनती है। किसानों की फसल की तबाही और कर्ज की अदायगी की चिंता से हो रही आत्महत्या भी गंभीर समस्या बन गई है। कर्ज लेकर घी पीने की जीवनशैली ने भी सबकुछ दांव पर लगा दिया है। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण में वृद्धि भी इसके कारण है। भौतिक मूल्यों के बढ़ते हुए प्रभाव ने सामाजिक सामंजस्य की नई समस्याओं को जन्म दिया है। लेकिन आत्महत्या किसी भी सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के भाल पर एक बदनुमा दाग है, कलंक हैं। टायन्बी ने सत्य कहा हैं कि कोई भी संस्कृति आत्महत्या से मरती है, हत्या से नहीं।

कई विशेषज्ञ का यह भी मानना है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण दुनिया भर में सुसाइड्स करने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई है क्योंकि वे मानसिक और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कई विशेषज्ञों का तो यह भी मानना है कि दुनिया भर में आने वाले वर्षों में सुसाइड करने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों पर नियंत्रण जरूरी है। इसके लिये जब कोई व्यक्ति ऐसी स्थितियों से गुजर रहा होता है, तो उसमें आस-पड़ोस, रिश्तेदार, दोस्त, सहकर्मी आदि उसे उनसे बाहर निकालने का प्रयास करते हैं। मगर हैरानी की बात है कि अब समाज अपनी यह भूमिका क्यों नहीं निभा पा रहा है। इस चिंताजनक स्थिति से निपटने के लिए सरकार के स्तर पर कारगर उपाय जुटाने की दरकार है। प्रश्न यह भी है कि समाज इतना संवेदनहीन क्यों होता जा रहा है? पर यह भी सवाल है कि साधारण लोगों की दुनिया के मुकाबले संगठित रूप से काम करने वाले फिल्म या टीवी धारावाहिकों के उद्योग ने इतने सालों के सफर के बावजूद ऐसा तंत्र विकसित क्यों नहीं किया है, जिसमें बेहद मुश्किल हालात का सामना करता कोई कलाकार अपने लिए जिंदगी की उम्मीद देख पाए?

# बलिदान को नमन व प्रेरणा लेने का दिन

डॉ. पवन सिंह मलिक

**साहिबजादा** जोरावर सिंह और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। मुगल सैनिकों ने औरंगजेब (1704) के आदेश पर आनंदपुर साहिब को घेर लिया। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी।

सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों का स्मरण आते ही हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है, और मस्तक श्रद्धा से झुक जाता है। गुरु गोविंद सिंह भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करने वाले उन महानायकों में से हैं जिन्होंने हमारे लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। सिख इतिहास शहीदियों की लाजवाब मिसाल है। 26 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों "साहिबजादों" के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिये "वीर बाल दिवस" के रूप में चिह्नित किया गया है। यह दिन वास्तव में उनकी शहादत को नमन करने व उनके जीवन से प्रेरणा लेने का दिन है



**सरसा नदी पर बिछड़ गया परिवार:** 20 दिसम्बर 1704 की वो रात गुरु गोविंद सिंह जी ने अपने परिवार और 400 अन्य सिखों के साथ आनंदपुर साहिब का किला छोड़ दिया था। उस रात भयंकर सर्दी थी और बारिश हो रही थी। सेना 25 किलोमीटर दूर सरसा नदी के किनारे पहुंची ही थी कि मुगलों ने रात के अंधेरे में धोखे से आक्रमण कर दिया। बारिश के कारण नदी में उफान था कई सिख बलिदान हो गए, कुछ नदी में बह गये। इस अफरा तफरी में परिवार बिछड़ गया। माता गुजरी और दो छोटे साहिबजादे गुरु जी से अलग हो गये। दोनों बड़े साहिबजादे गुरु जी के साथ ही थे। उस रात गुरु जी ने एक खुले मैदान में शिविर लगाया अब उनके साथ दोनों बड़े साहिबजादे और कुछ सिख यौद्धा थे। अगले दिन जो युद्ध हुआ उसे इतिहास मे इं३३ ी ङ्ग उँ'४१ रुँ के नाम से जाना जाता है। गुरु गोविंद सिंह जी 40 सिख फौजों के साथ चमकौर की गढ़ी एक कच्चे किले में 10 लाख मुगल सैनिकों से मुकाबला करते हैं एक-एक सिख दस लाख मुगलिया फौज पर भारी पड़ता है गुरु गोविंद सिंह जी के बड़े बेटे जिनकी उम्र मात्र 17 वर्ष की है साहेबजादा अजित सिंह ने मुगल फौजों में भारी तबाही की, सैकड़ों मुगलों को मौत के घाट उतारा लेकिन दस लाख मुगलिया फौजों के सामने साहेबजादा अजित सिंह बलिदान हो गए। छोटे साहिबजादे जिनकी उम्र मात्र 14 वर्ष की है, बड़े भाई के बलिदान को देखते हुए पिता गुरु गोविंद सिंह जी से युद्ध के मैदान में जाने की अनुमति मांगी एक पिता ने अपने हाथों से पुत्र को सजाकर युद्ध के मैदान में भेजा लाखों मुगलों पर भारी साहेबजादा जुझार सिंह ने युद्ध में दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिये और लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए।

**दीवार में जिंदा चुने गए, पर धर्म नहीं बदला:** साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं।

मुगल सैनिकों ने औरंगजेब (1704) के आदेश पर आनंदपुर साहिब को घेर लिया। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी। वजीर खां ने फिर पूछा, बोलो इस्लाम कबूल करते हो? छः साल के छोटे साहिबजादे फतेह सिंह ने नवाब से पूछा अगर मुसलमान हो गए तो फिर कभी नहीं मरेंगे न? वजीर खां अवाक रह गया उसके मुँह से जवाब न फूटा तो साहिबजादे ने जवाब दिया कि जब मुसलमान हो के भी मरना ही है, तो अपने धर्म में ही अपने धर्म की खातिर क्यों न मरें। दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवाने का आदेश हुआ। दीवार चिनी जाने लगी। जब दीवार 6 वर्षीय फतेह सिंह की गर्दन तक आ गयी तो 8 वर्षीय जोरावर सिंह रोने लगौ फतेह ने पूछा, जोरावर भाई रोते क्यों है. जोरावर बोला, रो इसलिए रहा हूँ कि दुनियां में आया मैं पहले था पर कौम के लिए शहीद तू पहले हो रहा है। इन दोनों बालकों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। इस प्रकार गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार शहीद हो गया था। उसी रात माता गुजरी ने भी ठंडे बुर्ज में प्राण त्याग दिए। दिसंबर मास के इस अंतिम सप्ताह को भारत के इतिहास में 'शहीदी सप्ताह' के रूप में मनाया जाता है।

**प्रेरणा व संदेश का दिन:** दिसंबर के इस अंतिम सप्ताह में श्रद्धावानों द्वारा जमीन पर सोने की परंपरा है। क्योंकि माता गुजरी ने 25 दिसम्बर की वो रात दोनों छोटे साहिबजादों के साथ वजीर खाँ की गिरफ्त में सरहिन्द के किले में ठंडी बुर्ज में गुजारी थी और 26 दिसम्बर को दोनो बच्चे शहीद हो गये थे। 27 तारीख को माता गुजरी ने भी अपने प्राण त्याग दिए थे। नानकशाही कैलेंडर के अनुसार श्रद्धालु 20 से 27 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह भी मनाते हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारों व घरों में कीर्तन और पाठ करते हैं। साथ ही बच्चों को गुरु साहिब के परिवार की शहादत के बारे में भी जानकारी दी जाती है। गुरु पुत्रों के बलिदान की यह कहानी आज की पीढ़ी को अपने देश से, धर्म से, संस्कृति से व अपने वतन से प्रेम करने का सन्देश देती है। आज का दिन साहिबजादों के साहस और न्याय के प्रति उनके संकल्प के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। माता गुजरी, गुरु गोबिंद सिंह जी एवं चारों साहिबजादों की वीरता तथा आदर्श लोगों को साहस व शक्ति प्रदान करते हैं। वे अन्याय के आगे कभी नहीं झुके। उन्होंने एक ऐसे विश्व की कल्पना की, जो समावेशी और सामंजस्यपूर्ण हो। यह समय की मांग है कि अधिक से अधिक लोग उनके बारे में जाने। आइये, वीर बाल दिवस पर गुरु पुत्रों के प्रेरक जीवन चरित्र को जन-जन तक पहुंचाएं।

**(लेखक जे. सी. बोस विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के मीडिया विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर है)**

# तकनीकी सहूलियत जीवन को आसान बनाए, न की मुश्किल

विजय गर्ग

**चिंताजनक है** कि स्मार्ट फोन में गुम लोगों के आंकड़े भले व्यक्तिगत जीवन से जुड़े हैं, इनका असर पूरी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था पर पड़ रहा है। बुजुर्गों के साथ संवाद रखने से लेकर बच्चों की परवरिश तक, सब कुछ प्रभावित हो रहा है। वैवाहिक रिश्तों का बिखरना आज सामुदायिक चिंता का विषय बन गया है। समाज के हर तबके में परिवार टूट रहे हैं। मन से जुड़ने का भाव नदारद है। संवादहीन साथ अब हर घर का किस्सा है। बातचीत ही नहीं, तो जज्बात भी गायब हो रहे हैं। पति-पत्नी अजब-गजब व्यस्तता में उलझे हैं। घर में मौजूद और ठीक बगल में बैठा इंसान भी असल में घर से अनुपस्थित है।

विडंबना है कि दूर बसे अपनों की खैरियत जानने की सुगमता देने वाले स्मार्ट फोन अब करीबी रिश्तों में भी खटास पैदा कर रहे हैं। दुनिया से जुड़ जाने की सहूलियत देने वाला स्मार्टफोन अपनों और अपने परिवेश से ही काट रहा है। आभासी दुनिया में प्रशंसा बांटते और बटोरते युवाओं को जज्बात और जिम्मेदारियों के मोर्चे पर बेवजह पीछे धकेलने वाले हालात पैदा कर रहा है। स्मार्टफोन और मानवीय संबंधों पर उसका असर-2022 विषय पर कराए गए एक अध्ययन में सड़सठ फीसद लोगों ने माना कि अपने जीवनसाथी के साथ समय बिताने के वक्त भी वे फोन में झांकते रहते हैं। उन्यासी फीसद ने कहा कि वे जीवनसाथी के साथ सहज बातचीत को कम वक्त दे पाए, चाहते तो अधिक समय दे सकते थे। आमने-सामने बैठकर बातें करने को बेहतर मानने के बावजूद अध्ययन में शामिल अट्ठासी फीसद लोगों ने माना कि स्मार्टफोन का ज्यादा इस्तेमाल जीवनसाथी के साथ रिश्ते बिगाड़ रहा है। इस अध्ययन में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बंगलुरु, अहमदाबाद और पुणे जैसे शहरों में बसे लोगों को शामिल किया गया था। दरअसल, स्मार्टफोन ने मानवीय सहजता और दिनचर्या दोनों को बुरी तरह प्रभावित किया है। संवाद और सूचनाओं का माध्यम बन कर आए फोन ने लोगों की जिंदगी पर ही कब्जा जमा लिया है। हर आयु वर्ग के लोगों का लंबा समय इस उपकरण के साथ बीत रहा है। इसी अध्ययन में सामने आया है कि विवाहित उपयोगकर्ता प्रतिदिन औसतन 4.7 घंटे फोन पर बिताते हैं। यह अवधि पति और पत्नी दोनों के लिए समान है। यानी दोनों ही असल के बजाय आभासी संसार को समय दे रहे हैं। समझना मुश्किल नहीं कि तिहत्तर फीसद लोगों ने अपने जीवनसाथी के प्रति यह शिकायत जताई है कि वे फोन में ज्यादा उलझे रहते हैं। असल में देखा जाए तो यह सिर्फ आंकड़ों में समझने-परखने भर की बात नहीं है। स्मार्टफोन का हद से ज्यादा इस्तेमाल वाकई लोगों के विचार और व्यवहार पर दुष्प्रभाव डाल रहा है। इसी अध्ययन के मुताबिक सत्तर फीसद लोगों को स्मार्टफोन देखते समय जीवनसाथी कुछ कहता है, तो वे झल्ला जाते हैं। हैरानी नहीं कि हमारे घरों में अब मामूली विवाद भी तूल पकड़ने लगे हैं। अनदेखी और उपेक्षा का भाव भी बहुत-सी आपराधिक घटनाओं का कारण बन रहा है। बीते साल ओड़ीशा के बोलांगीर जिले में सत्रह साल के एक किशोर ने फोन खरीदने के लिए अपनी पत्नी को राजस्थान ले जाकर पचपन साल के शख्स को बेच दिया। दो महीने पहले ही यह शादी हुई थी। उस किशोर ने सोशल मीडिया के जरिए ही प्रेम होने के बाद चौबीस साल की उस लड़की से शादी की थी। महज एक स्मार्टफोन के लिए सोच-समझ ही नहीं, जीवनभर के साथ वाले रिश्ते से जुड़ी संवेदनाएं तक वह बेच आया। 2016 में अमेरिका के लास वेगस में बसे एक शख्स का अपने स्मार्टफोन से ही शादी कर लेने का चकित करने वाला समाचार था। फोन से शादी करने वाले शख्स ने कहा था कि लोग अपने फोन से इतना अधिक जुड़े हुए हैं कि वे हमेशा उसके साथ रहते हैं और यह शादी जैसा ही लगता है। लोग अपने फोन के साथ ही सोते, उठते और बैठते हैं। ऐसे में ह्वस्मार्टफोन और मानवीय संबंधों को लेकर हुए इस ताजा सर्वे के आंकड़े भी विवाहित जीवन में फोन तक ही सिमट गई जिंदगी का खाका सामने रखते हैं। यकीनन, जरूरत के लत बन जाने की स्थितियां स्मार्ट फोन के कसते घेरे में सुस्त हो रही इंसानी समझ की कटु हकीकत है और रीतते स्नेह संवाद की भी। आभासी संसार में बीत रहे वक्त ने बुनियादी बातों और हालात के प्रति परिपक्व लोगों की समझ भी कम कर दी है।

# नींद उड़ी - सेहत बिगड़ी

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारतीय संगीत गीत फिल्मों को करीब करीब पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। क्योंकि दुनिया में ऐसे कम ही देश होंगे, जहां मूल भारतीय ना बसते हों। भारतीय संगीत क्षेत्र सदियों पुराना मीठा सुरीला है। बस समय के साथ साथ उसमें परिवर्तन होते होते आज डिजिटल इंडिया में संगीत क्षेत्र में भी नया इतिहास रचा जा रहा है, जो तारीफ ए काबिल है। हम अगर संगीत क्षेत्र में उप शेत्र गीतों में गौर करेंगे तो हमें नींद पर अनेक गीत मिलेंगे जो न केवल दशकों पुराने भी हैं, परंतु विविधता में एकता याने हर भाषा क्षेत्र में हमें नींद के संबंधमें गीत जरूर मिलेंगे उसमें भी हमें प्रेम प्रसंग के ऊपर यह गीत अधिक मिलेंगे, जैसे 1960 के दशक का गीत कभी रहती थी आंखों में नींद अब बसते हैं सांवरिया, 1990 का मुझे नींद ना आए मुझे चैन ना आए न जाने कहां दिल खो गया, से लेकर अभी 2022 तक हमें ऐसे हजारों लाखों में गीत मिलेंगे जहां नींद खोने की का केंद्रीय मुद्दा है। उसी तरह कहावतों में भी हमें रातों की नींद उड़ गई जैसे अनेक किस्से कहानियां कहावतें मिलेगी! इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि पर्याप्त नींद के बिना दीर्घकालीन और गंभीर समस्याएं महसूस हो सकती है। पर्याप्त नींद हमारे शरीर और मस्तिष्क को आराम देने की प्रक्रिया है। पर्याप्त नींद फ्रेश ऊजार्वान और अच्छी यादाश्त का टॉनिक भी है। इसलिए आओ चैन की नींद सोए। साथियों बात अगर हम पर्याप्त नींद ना आने के कारणों की करें तो, आमतौर पर अनिद्रा का कारण तनाव व थकावट हो सकती है।

## फटाफट खबरें

### जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने आइजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को परखा




**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन व जनता दर्शन एवं अन्य संदर्भों के निस्तारण की मासिक समीक्षा की गयी।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को निराशा जनक बताते हुए कहा कि अधिकारी गण निस्तारण आख्या देने में सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त ही प्रस्तुत की जाए। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय शासन की गाइड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। सही प्रकार से शिकायतों का निस्तारण न करने की वजह से जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिस अधिकारी के प्रति शिकायत है। वह स्वयं अपनी जांच नहीं करेगा। अधिकारी के प्रति जांच अन्य किसी विभाग के अधिकारी से करायी जाए। आईजीआरएस के निस्तारण में गवाह का नाम, उसके पिता का नाम तथा मोबाइल नम्बर अनिवार्य रूप से लिखा जाए। निस्तारण करते समय किसी भी तरह का शॉर्टकट न अपनाएं। आवदेन प्राप्त होते ही तुरन्त निस्तारण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाए ताकि गुणवत्ता प्रभावित न हो। निस्तारण आख्या में भाषाशैली का विशेष ध्यान रखा जाए। शिकायत कर्ता के लिए आपत्तिजनक शब्दावली का इस्तेमाल कदापि न किया जाए। सभी शिकायतों का निस्तारण समय से किया जाए। आईजीआरएस के निस्तारण में विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा इसकी नियमित समीक्षा की जाती है।

बैठक में सीडीओ ऋषिराज, एडीएम (विरा) नरेन्द्र सिंह, एसडीएम सदर नूपुर गोयल, डीडीओ संजय पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र सिंह सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### चीन सीमा पर तैनात लेफ्टिनेंट को घर बनाने में आ रही दिक्कतें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाडी थाना क्षेत्र के निवासी एवं चीन की सीमा पर तैनात लेफ्टिनेंट अपने सेवानिवृत्त सैनिक पिता के साथ घर बनवाने को भटक रहा है। आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों की चैखट पर गुहार लगाने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही। पिता गम्भीर बीमारी से ग्रसित हैं। फोन करने पर अधिकारी कोई जवाब तक नहीं देते।

ये मामला है पहाडी थाना क्षेत्र के लोहदा गांव का। बताया गया कि सेवानिवृत्त कैप्टन श्यामदीन सिंह के पुत्र लेफ्टिनेंट सौरभ कुमार सिंह इन दिनों चीन सीमा पर तैनात हैं। पडोसी मकान बनाने में आये दिन अडंगा लगा रहे हैं। घर के रास्ते पर अवैध ढंग से निर्माण कर लिया है। घर की दीवार पर खिडकी भी नहीं बनाने दे रहे। विरोध पर परिजनों को असलहे दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हैं। पिता कैंसर से पीडित हैं, उनका इलाज चल रहा है।

लेफ्टिनेंट ने आरोप लगाया कि परिजन कई बार राजापुर तहसील दिवस में न्याय की गुहार लगा चुके हैं, कोई सुनवाई नहीं हो रही। अधिकारी उनसे मिलने में भी आना-कानी कर रहे हैं। फोन पर सही जवाब नहीं दिया जाता। वह मानसिक रुप से खासे परेशान हैं। इस बाबत राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झां ने बताया कि सैनिक के परिजनों के आरोप गलत हैं। भूमि पर कुछ अदालती प्रक्रिया चल रही है। उनके फोन का जवाब भी दिया गया है। मंगलवार को उनसे बातचीत हुई है। बुधवार को दोनों पक्ष को कागज लेकर तहसील बुलाया गया है। इधर, पहाडी थानाध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि राजस्व का मामला है। सैनिक परिवार को टरकाया नहीं गया। नियमानुसार कार्यवाही की बात कही गई है।

### छात्रायें झिझकें नहीं, पुलिस से बतायें अपनी बात: सीओ यातायात

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात राजकमल ने टीएसआई योगेश कुमार यादव की मौजूदगी में छात्राओं के साथ जागरूकता गोष्ठी में कहा कि छात्र-छात्रायें पुलिस से डरें नहीं, बल्कि अपनी बात को बेझिझक बतायें।

बुधवार को जेएम बालिका इंटर कालेज एवं राजकीय बालिका हाईस्कूल शिवरामपुर में छात्राओं के साथ हुई गोष्ठी में सीओ यातायात राजकमल ने छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि अपने-अपने घर में जाकर परिजनों एवं रिश्तेदारों को यातायात नियमों का पालन करने को प्रोत्साहित करें, ताकि आये दिन होने वाले हादसों पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने छात्राओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों में स्थापित महिला हेल्पडेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया।

टीएसआई योगेश कुमार यादव ने छात्राओं को नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि सडक पर साइकिल या स्कूटी चलाते समय हमेशा बाईं ओर ही चलें। स्कूटी चलाने से पहले ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवा लें। वाहन चलाते समय अपना ध्यान सडक पर सामने रखें। सडक पर चलते मोबाइल का प्रयोग बिलकुल न करें। यातायात नियमों की बाबत जागरूकता पम्पलेट भी बांटे। गोष्ठी में छात्राओं समेत शिक्षकगण मौजूद रहे।

### विज्ञान माडल प्रदर्शनी में प्रियांशु ने मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के निर्देश पर जिला विज्ञान क्लब ने अशोक पब्लिक स्कूल खोह में बाल सृजनात्मक एवं नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने किया। श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिये गये।

बुधवार को विज्ञान माडल प्रदर्शनी में सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने शुभारम्भ कर जिला विज्ञान क्लब के कार्यों की सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिक्षक अपने शिक्षण कार्य से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। विज्ञान जैसे विषयों में बच्चों की रुचि का विकास हो सके। जिला समन्वयक साकेतबिहारी शुक्ल ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न माध्यमिक एवं परिषदीय स्कूलों के कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया है।

## सरकार की तानाशाही का कांग्रेसी करें विरोधः त्रियुगीनारायण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर हुई गोष्ठी में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता त्रियुगीनारायण शुक्ला, गज्जू प्रसाद फौजी, रमादत्त मिश्रा को माला पहनाकर स्वागत किया गया। देश को आजाद कराने में कांग्रेस ने अहम भूमिका निभाई है।

बुधवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में हुई गोष्ठी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि अंग्रेजों को देश से बाहर भगाने में तमाम नौजवानों ने प्राणों की आहुति दी है। सभी कांग्रेसी एकजुट होकर कांग्रेस की नीतियों का प्रचार-प्रसार कर, झूंठ की राजनीति का पदार्फाश करें। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता/अधिवक्ता त्रियुगीनारायण शुक्ला ने कहा कि देश में जिस ढंग से लोकतंत्र को कुचलने के प्रयास हो रहे हैं, सभी



लोग सरकार की तानाशाही नीतियों का विरोध करें।

गोष्ठी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने वरिष्ठ कांग्रेसियों के प्रति आभार जताते हुए कांग्रेसियों का आवाहन किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोडो यात्रा की अगुवाई कर रहे हैं। ये यात्रा तीन जनवरी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में प्रवेश कर रही है। जिले से एक सैकडा यात्री भारत जोडो यात्रा में शामिल होंगे। स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने एकजुट होकर तानाशाह सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने की बात कही। बैठक में पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय, अवधेश करवरिया, शिवगुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद, कालीचरण राजपूत, विजयमणि त्रिपाठी, अरुण गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, मानवेन्द्र पटेल, गोष्ठी का संचालन जमुना प्रसाद शुक्ला ने किया।

## बांगरमऊ बिल्हौर रोड पुल पर दो ट्रकों में आमने सामने जोरदार भिड़ंत, एक की मौत दूसरा घायल





**अखंड भारत संदेश**

**बांगरमऊ उन्नाव ।** कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ घाट पर बने गंगा नदी के पुल पर दो ट्रकों में आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरे ड्राइवर को पुलिस ने बांगरमऊ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां पर डाक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई और जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमालनगर थाना कुरावली जिला मैनपुरी निवासी श्री चन्द्र (40) पुत्र निकासे लाल की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक के केबिन में शव दबने से शव को निकालने में बहुत दिक्कत हुई। शव को निकालने के बाद पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। श्री चन्द्र मैनपुरी से बांगरमऊ आ रहा था उधर से दूसरा ट्रक ड्राइवर बांगरमऊ से बिल्हौर को जा रहा था। दूसरे ट्रक ड्राइवर अजय(38) पुत्र ओसान रनपई थाना एत्मादपुर जिला आगरा की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने अजय को बांगरमऊ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने अजय की हालत गंभीर बताई और जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया है। क्रेन बुला कर दोनों ट्रकों को हटवाकर पुलिस ने यातायात सामान्य करवा दिया है।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का गरीबों तक पहुंचे लाभः सांसद

### निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल की अध्यक्षता व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी की मौजूदगी में जिला विकास एवं निगरानी समिति, दिशा की बैठक में सांसद ने कहा कि एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खण्ड सत्येन्द्र नाथ बुन्देलखण्ड विकास निधि की सडकों के निर्माण बाबत प्रस्ताव दें। जो प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों ने दिये थे उनमें कहां केन्द्र व राज्य निधि से अन्य राज्यों की सीमा से जोडने को शासन से धनराशि जारी की जाती है। खोही से बालापुर माफी, भगनपुर से सेमरिया जगन्नाथवासी की सडक का चैडीकरण का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाये।

बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो प्रस्ताव सांसद, विधायकों ने दिये हैं। प्राथमिकता के आधार पर सडकों का निर्माण किया जाये। विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि लोनिवि की जिन सडकों का निर्माण हुआ है, वे बेहद गुणवत्ताविहीन हैं, कमेटी बनाकर जांच कराई जाये। वन विभाग के कार्यों के बरती अनियमितता की जांच का क्या हुआ। सांसद ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाषचन्द्र से कहा कि गौशाला संचालन का भरण-पोषण का भुगतान तत्काल करायें। ट्राफिक चैराहा के विकास के साथ अन्य चैराहों को भी विकसित किया जाये। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के आत्मनिर्भर बनाने के कार्य मजबूती से किये जायें। पेंशन योजनाओं के आवेदनों का लाभ दिलाया जाये। प्रधानमंत्री शहरी आवास की दूसरी, तीसरी किस्त लाभार्थियों को जारी की जाये। इन्दिरा आवास के अधूरे पडे कार्य जल्द पूरे किये जायें। एक्सईएन विद्युत आरएस वर्मा को निर्देश दिये कि ग्राम ज्योति योजना व सौभाग्य योजना के लाभार्थियों के कनेक्शन में विद्युत बिल बहुत आ रहा है, इसका निस्तारण करायें।

सांसद ने कहा कि किसानों की फसलों की क्षति का लाभ बीमा कम्पनी से दिलाया जाये। सीएमओ से कहा कि दो सौ सैया अस्पताल खोह का संचालन कराने को शासन से स्टाफ की मांग को पत्र भेजा जाये। बीएसए लवप्रकाश यादव से कहा कि यूनीफार्म बैग, जूता, मोजा के लिए अभिभावकों के खाते में धनराशि भेजी जाये। गांव के गरीब तबके के अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाकर पं दीनदयाल के सपनों को पूरा किया जाये। भारत व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाया जाये। सांसद ने विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। बैठक में डीएम अभिषेक आनन्द ने सांसद-विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर, ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, कर्वी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाब सिंह, पंकज अग्रवाल, रविप्रकाश त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### 13 करोड की शराब गटक गये पियक्कड़, पिछले वर्ष की तुलना में पियक्कडों की तादाद बढी

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिले में नशा बन्दी के तमाम उपायों के बाद भी पिछले वर्ष की तुलना में देशी-विदेशी शराब व बियर के पियक्कडों की तादाद में भारी बढोत्तरी हुई है। तकरीबन 13 करोड रुपये की शराब पियक्कड गटक गये हैं। दिन-प्रतिदिन शराब पीने का चलन बढता ही जा रहा है। इसे रोकने के कोई सार्थक पहल सरकार की ओर से नहीं की जा रही। इससे तमाम घर तबाही की कगार पर खडे हो गये हैं। बुधवार को जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव ने बताया कि पिछले वर्ष 2021-22 में देशी-विदेशी शराब व बियर से सरकार को 90.99 करोड रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई थी। ये आंकडा 2022-23 में दिसम्बर तक बढकर 102.42 करोड रुपये तक पहुंच गया है। इससे जाहिर है कि पियक्कडों की तादाद में भारी बढोत्तरी हुई है। पियक्कडों ने 2022-23 में तकरीबन 13 करोड रुपये की शराब गटक डाली है। पियक्कडों का यही सिलसिला तेजी से बढता रहा तो इस वर्ष ये आंकडे और भी बढ सकते हैं।

पियक्कडों की तादाद में दिन-प्रतिदिन बढोत्तरी होने के साथ तमाम परिवार तबाही की कगार पर पहुंचते जा रहे हैं। पियक्कडों को इन सब आंकडों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें तो सिर्फ पीने को कोई न कोई बहाना चाहिए। गम हो या खुशी पीने वालों को तो पीने से मतलब है।

### 151 गरीबों के बीच समाजसेवी रामबाबू ने बांटे कम्बल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** युग पुरुष/भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर मनाये जा रहे सुशासन सप्ताह के तहत नरसेवा नारायण सेवा की मूल धारणा को लेकर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने गरीबों के बीच भारी तादाद में कम्बल बांटे। बुधवार को बस स्टैण्ड स्थित अपने प्रतिष्ठान में समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने 151 गरीबों के बीच कम्बल बांटे। सांसद आरके सिंह पटेल व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि अटल जी राजनेता और राष्ट्रभक्त थे। जिन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में कल्याणकारी योजनायें लागू कर देश को ऊंचाइयों तक ले गये थे। उनका शासनकाल सुशासन के रुप में माना गया। सुशासन सप्ताह के तहत समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने गरीबों को कम्बल बांटकर सराहनीय सेवा कार्य किया है। अटल जी के मिशन को मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा करने में जुटे हैं। गांव से लेकर शहर तक विकास कार्य हो रहे हैं। हर वर्ग का मान-सम्मान है। गरीबों के कल्याण को तमाम योजनायें चलाई जा रही हैं। गरीबों के कल्याण को रामबाबू जैसे कार्य के लिए और भी लोगों को आगे आना चाहिए। इस मौके पर भाजपा नेता मुन्ना करवरिया, पंकज अग्रवाल, श्याम गुप्ता आदि ने भी गरीब निराश्रितों को कम्बल बांटे।

## जन चौपाल लगाकर जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने सरकारी योजनाओं को बताया, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकार की योजना

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** सरकारी योजनाओं का सही ढंग से क्रियावन्यन कर सर्वांगीण विकास एवं समाज के अतिंम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को सुगमता से पहुंचाने तथा ग्रामींण जनता में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से तहसील पुरवा के विकास खण्ड हिलौली अन्तर्गत ग्राम पंचायत करदहा में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में जन चौपाल आयोजित की गयी चौपाल में जिलाधिकारी द्वारा ग्रामींण विद्युतीकरण, पीएम आवास, मनरेगा, आंगनबाड़ी केंद्र, ऑपरेशन कायाकल्प, पेयजलापूर्ति, स्वच्छ भारत मिशन, निःशुल्क बोरिंग, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पशु टीकाकरण एवं कृत्रिम गभाधार्न आदि योजनाओं की प्रगति समीक्षा





की गयी। जिसमें पाया गया कि ग्राम करदहा में सौभाग्य योजना के तहत 386 विद्युत कनेक्शन हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 7 पीएम आवास पूर्ण कराये गए हैं। मनरेगा के तहत आवंटित 3238 मानव दिवस के सापेक्ष 53% लक्ष्य की प्राप्ति हुई है। जिसमें 3.721 लाख की धनराशि व्यय की गयी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत रु 7.881 लाख की लागत से प्रा.पा. करदहा में दिव्यांग शौचालय एवं पोषण वाटिका, उ.प्रा.पा. करदहा एवं प्रा.पा. बाजखेड़ा में बालक बालिका शौचालय आदि निर्माण कार्य कराए गए हैं। पेयजलापूर्ति हेतु पूरी ग्राम पंचायत में 2 हैंडपम्पों को रिबोर 20 हैंडपम्पों की मरम्मत का कार्य किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन फेस 2 में 26 शौचालय पूर्ण कराये गए हैं।ग्राम पंचायत करदहा में वृद्धावस्था पेंशन के 87, निराश्रित महिला पेंशन के 25, दिव्यांग पेंशन के 11 लाभार्थी हैं। यहां 490 पशुओं का टीकाकरण तथा 72 का कृत्रिम गभार्धान कराया गया है।

इस मौके पर डीएम ने ऋणमोचन योजना, मिड-डे मील, राशन वितरण, परिषदीय विद्यालयों में यूनीफॉर्म, स्वेटर एवं किताबों का वितरण, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बालसेवा योजना आदि की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्रता के अनुसार शतप्रतिशत लोगों को जनकल्याण कारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इस अवसर पर गौशालाओं के संरक्षकों को कम्बल तथा निराश्रित महिलाओं को शॉल वितरित किए गए। जन चौपाल के दौरान मौके पर ही पेंशन, गोल्डन कार्ड, राशन कार्ड आदि के पात्र पुरूष व महिलाओं के आवेदन कराए गए। इस दौरान डीएम ने आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जा रहे गोल्डन कार्डों की प्रगति पर नाराजगी जताई तथा सीएमओ को निर्देश दिए कि गांव में कैम्प लगवा कर सभी पात्र व्यक्तियों को गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराए जाएं। इस मौके पर ग्रामवासियों द्वारा डीएम से गांव में इंटर कॉलेज तथा अनाज की मंडी स्थापित कराने की मांग की गयी चौपाल में सीडीओ ऋषि राज, एडीएम (विरा) नरेन्द्र सिंह, सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, डीडीओ संजय पांडेय, एसडीएम पुरवा अतुल कुमार सीवीओ डॉ. अनिल पांडेय, डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र सिंह, बीएसए संजय तिवारी, डीएसओ रामेश्वर प्रसाद, डीपीओ रेनू यादव सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## सुरक्षा परिषद ने तालिबान से महिलाओं पर लगे प्रतिबंध हटाने की अपील की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों पर लगातार बढ़ते प्रतिबंधों की निंदा करते हुए देश के तालिबान शासकों से उन्हें तुरंत वापस लेने का आग्रह किया। सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, '' सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए छठी कक्षा से आगे के स्कूलों के निलंबन को लेकर एक बार फिर से गहरी चिंता व्यक्त की है। सुरक्षा परिषद अफगानिस्तान के विकास और प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों की पूर्ण, समान और सार्थक भागीदारी की मांग करता है। ''मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने अफगानिस्तान में महिलाओं को गैर-सरकारी संगठनों के लिए काम करने से रोकने के फैसले के भयानक परिणामों की ओर भी इशारा



किया। दरअसल, तालिबान के अधिकारियों ने पिछले सप्ताह महिलाओं के लिए विश्वविद्यालय में जाकर शिक्षा प्राप्त करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। तालिबान के इस फैसले को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आक्रोश है और अफगानिस्तान के कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन भी हो रहे हैं।

मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त तुर्क ने जिनेवा से एक बयान जारी कर कहा, ''कोई भी देश अपनी आधी आबादी को बाहर रखकर सामाजिक और आर्थिक रूप से विकास नहीं कर सकता।'' उन्होंने कहा, ''महिलाओं और लड़कियों पर लगाए गए ये प्रतिबंध न केवल अफगानिस्तान में सभी लोगों की पीड़ा को बढ़ाएंगे, बल्कि मुझे डर है कि इससे अफगानिस्तान की सीमाओं से परे एक खतरा भी पैदा होगा।''तालिबान ने अफगानिस्तान में सत्ता संभालने के बाद महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का सम्मान करने वाले अधिक उदार शासन का वादा करने के बावजूद व्यापक रूप से इस्लामी कानून लागू किए हैं।

उन्होंने माध्यमिक और उच्चत्तर माध्यमिक स्कूलों में लड़कियों के शिक्षा ग्रहण करने पर पाबंदी लगा दी है, महिलाओं को अधिकांश रोजगार से प्रतिबंधित कर दिया है और उन्हें सार्वजनिक रूप से सिर से पैर तक ढकने वाले कपड़े पहनने का आदेश दिया है। इसके अलावा, महिलाओं के पार्क और जिम में जाने पर भी पाबंदी है।

## द. कोरिया ने उ. कोरिया पर निगरानी के लिए स्टील्थ ड्रोन हासिल करने का आह्वान किया

**दक्षिण कोरिय।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने उत्तर कोरिया पर बेहतर तरीके से नजर रखने के लिए मजबूत वायु रक्षा प्रणाली और उच्च-तकनीक वाले ड्रोन हासिल करने का आह्वान किया। वहीं, सेना ने गत पांच साल में पहली बार सीमा पार कर आए उत्तरी कोरियाई ड्रोन को मार गिराने में असफल होने पर माफी मांगी है। दक्षिण कोरियाई सेना ने सोमवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए चेतावनी के रूप में गोलियां चलायीं लेकिन उत्तर कोरिया के किसी ड्रोन को मार गिराने में असफल रही। इससे दक्षिण कोरिया की वायु रक्षा प्रणाली को लेकर ऐसे वक्त में गंभीर प्रश्न पैदा हो गया है जब इस साल उत्तर कोरिया द्वारा रिकॉर्ड मिसाइल परीक्षणों को लेकर पहले से ही तनाव बढ़ा हुआ है। दक्षिण कोरियाई सेना ने सीमा पर संदिग्ध उड़ानों को देखने के बाद लड़ाकू विमान और हमलावर हेलीकॉप्टर



भेजे। स्थानीय काउंटी कार्यालय ने निवासियों को आपात संदेश भेज कर बताया कि उत्तर कोरिया के ड्रोन नए सिरे से दाखिल हुए हैं, लेकिन सेना ने बाद में बताया कि वह पक्षियों का झुंड था।

राष्ट्रपति यून ने मंत्रिमंडल परिषद की एक नियमित बैठक में कहा, ''हमारी एक सैन्य ड्रोन इकाई बनाने की योजना है जिसका जिम्मा उत्तर कोरिया में अहम सैन्य केंद्रों पर नजर रखना होगा, लेकिन हम कल की घटना के कारण जल्द से जल्द ड्रोन इकाई बनाने की योजना पर आगे बढ़ेंगे। हम आधुनिक स्टील्थ ड्रोन भी लाएंगे और हमारी निगरानी क्षमताओं को भी मजबूत करेंगे।'' यून ने कहा कि दक्षिण कोरियाई सेना को उत्तर कोरिया के ड्रोन द्वारा पैदा खतरों से निपटने के लिए और अधिक तैयारी की आवश्यकता है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ में सैन्य कार्रवाई के मुख्य निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल कांग शिन चुल ने टेलीविजन पर दिए बयान में कहा कि सेना उत्तर कोरिया के ड्रोन को मार गिराने में असफल होने पर खेद व्यक्त करती है जिसकी वजह से जनता में चिंता बढ़ी। कांग ने स्वीकार किया कि दक्षिण कोरिया की तीन मीटर से छोटे आकार के निगरानी ड्रोन का पता लगाने और उन्हें मार गिराने की क्षमता कम है। हालांकि, वह बड़े हमलावर ड्रोन को मार गिराने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरियाविभिन्न क्षमता की ड्रोन इकाई स्थापित करेगी और आक्रमक तरीके से सैन्य ठिकानों पर दुश्मन का ड्रोन मार गिराने के लिए ड्रोन तैनात करेगी।

## कोसोवो में सर्ब लोगों ने और अवरोधक लगाए

**कोसोवो।** उत्तरी कोसोवो में सर्ब समुदाय के लोगों ने सड़कों पर और अवरोधक लगा दिए। इससे एक दिन पहले सर्बिया ने सीमा के पास अपने सैनिकों को तैनात कर दिया था। हालांकि अंतराराष्ट्रीय समुदाय ने सर्ब लोगों से पहले लगाए गए अवरोधकों को हटाने की मांग की थी। उत्तरी कोसोवो के शहर मित्रोविका में रातभर में भारी ट्रकों को सड़कों पर खड़ा कर दिया। यह शहर कोसोवो सर्ब और जातीय अल्बानिया में बंटा हुआ है। कोसोवो में जातीय अल्बानिया के लोग बहुसंख्यक हैं। हाल में संकट सामने आने के बाद, यह पहली बार है कि सर्ब समुदाय ने प्रमुख शहर की सड़कों को अवरूद्ध कर दिया।अबतक कोसोवो-सर्बिया सीमा की ओर जाने वाली सड़कों पर ही अवरोधक लगाए थे। सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक ने कहा है कि उन्होंने सेना को ÷ (कोसोवो में) हमारे लोगों और सर्बिया की रक्षा करने के लिए÷ सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने दावा किया कि कोसोवो देश के उत्तरी हिस्से में कोसोवो सर्ब लोगों पर हमला करने की योजना बना रहा है और उसने जबरन उन अवरोधकों को हटा दिया जिन्हें सर्ब लोगों ने 18 दिन पहले कोसोवो सर्ब समुदाय के पूर्व पुलिस अधिकारी की गिरफ्तार के विरोध में लगाए थे। वूसिक ने कहा कि वह यूरोपीय संघ और अमेरिकी मध्यस्थों से बातचीत कर रहे हैं ताकि शांति कायम रखी जा सके और मौजूदा संकट का कोई समाधान निकल सके। सर्बिया की प्रधानमंत्री अना बर्नाबिक ने इन दावों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि सर्बिया ने हथियारबंद लोगों को कोसोवो भेजा है जो शायद अवरोधकों की रक्षा कर रहे हैं।

## फिलीपींस में बाढ़ से चार लाख लोग प्रभावित, 25 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस में बाढ़ से कम से कम चार लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इस दौरान बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। साथ 26 लोग लापता हैं। यह जानकारी राष्ट्रीय आपदा



जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने बुधवार को दी। परिषद के मुताबिक दक्षिणी फिलीपींस में 18, मुख्य लूजोन द्वीप पर बिकोल क्षेत्र में पांच और मध्य फिलीपींस में दो लोगों की मौत हो गई है। बारिश और बाढ़ से घरों, फसलों, सड़कों और पुलों को क्षति हुई है। साथ ही कम से कम से चार लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

## अमेरिका में बर्फ से जमी झील में गिरने से भारतीय मूल के तीन लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एरिजोना में एक महिला सहित भारतीय मूल के तीन नागरिकों की बर्फ से जमी झील में गिरने से मौत हो गई। यह हादसा 26 दिसंबर को दोपहर तीन बजकर 35 मिनट पर कोकोनीनो काउंटी में वुड्स घाटी झील में हुआ। कोकोनीनो



काउंटी के शेरिफ के कार्यालय ने बताया-'झील में गिरकर मरने वाले लोगों की पहचान नारायण मुद्दन (49), गोकुल मेदिसेती (47) और हरिता मुड्डाना के तौर पर हुई है। तीनों एरिजोना के चैंडलर के रहने वाले थे और मूल रूप से भारतीय थे।' चैंडलर, फीनिक्स का उपनगर है।

## अमेरिका में बर्फीला तूफान, 4,900 फ्लाइट कैंसिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बर्फीले तूफान से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसके कारण पिछले 24 घंटों में 4,900 से अधिक फ्लाइट कैंसिल की जा चुकी हैं। साथ ही 4,400 से अधिक उड़ानों का समय बदला गया है।

उड़ान ट्रैकिंग सेवा 'फ्लाइट अवेयर' ने इसकी पुष्टि की है। उड़ाने ट्रैकिंग सेवा के मुताबिक जाने वाली 3,500 से अधिक उड़ानें पहले ही रद कर दी गई थीं। 22 दिसंबर से अब तक लगभग 20,000 उड़ानें रद की जा चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि इस बर्फीले तूफान के कारण अबतक 60 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से लगभग 28 लोग न्यूयॉर्क के बताए गए हैं।

अमेरिका में बर्फीले तूफान



का सबसे ज्यादा असर न्यूयार्क के उपनगर बफेलो में पड़ा है। यहां स्थिति इतनी खराब हो गई है कि राज्य पुलिस और सेना की तैनाती की गई है। साथ ही ड्राइविंग पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। राष्ट्रपति जो बाइडन पहले ही बर्फीले तूफान से प्रभावित न्यूयार्क में आपातकाल की घोषणा कर चुके हैं।

## चीन ने सीमा पार रेलवे लाइन की व्यवहार्यता अध्ययन के लिए नेपाल में विशेषज्ञों की टीम भेजी

**बीजिंग।** नेपाल में नयी सरकार के गठन के एक दिन बाद चीन ने नेपाल-चीन सीमा पार रेलवे लाइन की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम काठमांडू भेजी। चीन के करीबी माने जाने वाले पुष्प कमल दहल ''प्रचंड'' ने तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

चीनी दूतावास ने ट्विटर पर कहा, ''चीन-नेपाल सीमा पार रेलवे के व्यवहार्यता अध्ययन और सर्वेक्षण के लिए विशेषज्ञ टीम पहुंची तथा दूतावास प्रभारी वांग शिन ने उनका स्वागत किया।''चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने ट्वीट किया, ''(यह) हमारे नेताओं के बीच बनी सहमति के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय है और नेपाल के साथ जुड़ाव को बढ़ाने के लिए ठोस कदम है।'' फरवरी में नेपाली संसद ने घरेलू स्तर पर राजनीतिक विरोध और चीन की



आपत्तियों के बावजूद 50 करोड़ डॉलर के अमेरिकी सरकारी सहायता कार्यक्रम-मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन (एमसीसी) को मंजूरी दे थी। नेपाल में दबदबा बढाने के लिए अमेरिका के साथ होड़ कर रहे चीन ने तीखी प्रतिक्रिया में कहा था कि वाशिंगटन को ''धौंस वाली कूटनीति'' के जरिए अन्य देशों की संप्रभुता को कमजोर नहीं करना चाहिए। चीन अपनी महत्वाकांक्षी 'बेल्ट एंड रोड' पहल (बीआरआई) के तहत संपर्क परियोजनाओं सहित विभिन्न बुनियादी ढांचों के उपक्रमों के माध्यम से नेपाल में अपने कदम बढ़ा रहा है।

## इमरान खान पर हमला: सुनियोजित साजिश के तहत हुई थी हत्या की कोशिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हुआ हमला दरअसल सुनियोजित साजिश के तहत उनकी हत्या का प्रयास था। इस हमले की जांच कर रहे संयुक्त जांच दल की जांच रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लाहौर से इस्लामाबाद तक निकाले गए हकीकी आजादी मार्च के दौरान तीन नवंबर को वजीराबाद में उन पर हमला किया गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान पर गोली चलाई गयी थी और उनके दाहिने पैर में गोली लगी थी। हमले के समय वह एक ट्रक पर खड़े होकर हकीकी आजादी मार्च को संबोधित कर



रहे थे। इसके बाद लाहौर के पुलिस प्रमुख गुलाम महमूद डोगर की अध्यक्षता में संयुक्त जांच दल का गठन किया गया था।

संयुक्त जांच दल की रिपोर्ट के संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब प्रांत के गृह मंत्री उमर सरफराज चीमा ने बताया कि इमरान खान पर हमला एक सुनियोजित साजिश के तहत किया गया था। संयुक्त जांच दल ने अपनी जांच में पाया कि एक से अधिक हमलावरों ने हकीकी मार्च के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की कोशिश की। उन्होंने बताया कि इमरान खान पर गोली चलाने वाला नवीद प्रशिक्षित शूटर है और हमले के समय वह अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मौके पर मौजूद था। नवीद पॉलीग्राफ टेस्ट में भी फेल हो गया। नवीद का चचेरा भाई मोहम्मद वकास भी विवादित सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर तीन जनवरी तक संयुक्त जांच दल की हिरासत में है। वकास ने तीन नवंबर को ट्वीट किया था कि आज इमरान खान की रैली में कुछ बड़ा होने वाला है। हमले के बाद इमरान खान ने अपनी हत्या की साजिश रचने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और आईएसआई के मेजर जनरल फैसल नसीर को जिम्मेदार ठहराया था। पंजाब पुलिस ने खान पर हमले के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रथम सूचना रिपोर्ट में किसी भी ऐसे व्यक्ति का नाम शामिल नहीं किया गया था, जिनको इमरान खान ने हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया था।

## लोन धोखाधड़ी केस : कोचर दंपत्ति और वेणुगोपाल की सीबीआई कस्टडी दो दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** सीबीआई की विशेष अदालत ने वीडियोकॉन लोन धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत की सीबीआई कस्टडी दो दिन के लिए और बढ़ा दी है। दरअसल, वीडियोकॉन लोन केस में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंधक निदेशक (एमडी) चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को तथा वीडियोकॉन के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत को केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

फिलहाल ये तीनों जांच एजेंसी की रिमांड पर हैं। सीबीआई ने वर्ष 2019 में दर्ज प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ एवं एमडी चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन के संस्थापक वेणुगोपाल धूत को आरोपित बनाया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## अमेरिका, ब्रिटेन व ऑस्ट्रेलिया के बाद सऊदी अरब ने नागरिकों को पाकिस्तान जाने से रोका

**रियाद।** अमेरिका, ब्रिटेन व ऑस्ट्रेलिया के बाद अब सऊदी अरब ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान जाने से रोकने की एडवाइजरी जारी की है। इस संबंध में जारी सलाह में आतंकवादी हमले का खतरा जताया गया है। पाकिस्तान में रहने वाले सऊदी नागरिकों से इस्लामाबाद के पांच सितारा होटल में जाने से बचने का आग्रह किया गया है।

पाकिस्तान में लगातार बढ़ रही आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर बीते दिनों अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की थी। अमेरिका की ओर से कहा गया था कि अज्ञात व्यक्ति संभवतः छुट्टियों के दौरान इस्लामाबाद के मैरियट होटल पर हमले की योजना बना रहे हैं, इसलिए वे लोग मैरियट होटल और इस्लामाबाद जाने से बचें। अमेरिका के बाद ब्रिटेन की ओर




से भी इसी तरह की सलाह दी गयी है। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ने पाकिस्तान जाने वाले ब्रिटिश नागरिकों के लिए जारी यातायात सलाह में खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के बजुआर, मोहमंद, खैबर, ओरकजई, कुर्रम, उत्तरी वजीरिस्तान और दक्षिण वजीरिस्तान नहीं जाने की सलाह दी है। ऑस्ट्रेलिया ने भी अपने नागरिकों के लिए एक नई यात्रा सलाह जारी करके उनसे पाकिस्तान की यात्रा सीमित करने को कहा है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी सलाह में नागरिकों से अत्यधिक सतर्कता बरतने को कहा गया है। अमेरिका, ब्रिटेन व ऑस्ट्रेलिया के बाद अब सऊदी अरब ने अपने नागरिकों के लिए पाकिस्तान की गैरजरूरी आवाजाही बंद करने की सलाह जारी की है। सऊदी नागरिकों को हर संभव तरीके से सावधानी बरतने की चेतावनी दी गयी है। पाकिस्तान में रहने वाले सऊदी नागरिकों से इस्लामाबाद की यात्रा सीमित करने और इस्लामाबाद के पांच सितारा होटल में जाने से बचने का आग्रह किया गया है। इस्लामाबाद स्थित सऊदी दूतावास ने ट्वीट किया है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अधिकारियों ने सुरक्षा अलर्ट को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया है।

## रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने कहा कि यूक्रेन को खुद को विसैन्यीकरण करना चाहिए

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को चेतावनी दी कि यूक्रेन को अपना 'असैन्यीकरण' और खुद को नाजीवाद के प्रभाव से मुक्त करना चाहिए, अन्यथा रूसी सेना इस मुद्दे का समाधान करेगी। लावरोव ने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया कि वे रूस को कमजोर करने के लिए यूक्रेन में युद्ध को हवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के आक्रमण करने के बाद शुरू हुआ संघर्ष कितना लंबा चलेगा, यह कीव और वाशिंगटन पर निर्भर करता है। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' से कहा, ''जहां तक संघर्ष की अवधि की बात है, गेंद यूक्रेन के पाले में है और वाशिंगटन उसके पीछे खड़ा है।''लावरोव की टिप्पणी यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा के उस साक्षात्कार के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार चाहती है कि युद्ध समाप्त करने के लिए फरवरी के अंत तक संयुक्त राष्ट्र में शांति शिखर सम्मेलन आयोजित की जाए। इस बीच, यूक्रेन के दोंतेस्क और लुहांस्क क्षेत्रों में भी भीषण लड़ाई जारी रही। यूक्रेन की उप रक्षा मंत्री हाना मालायर ने कहा कि रूसी सेना दोंतेस्क क्षेत्र में बाखमत शहर की घेराबंदी करने की कोशिश कर रही है। लुहांस्क के गवर्नर सेरहीय हैदई ने कहा कि क्रेमीना शहर के आसपास भीषण लड़ाई जारी है। लावरोव ने कहा कि यूक्रेन को और अधिक पश्चिमी सहयोग एक सीधे टकराव की ओर ले जा सकता है। उन्होंने कहा, ''पश्चिम में हम अपने विरोधियों को चेतावनी देते आ रहे हैं कि कीव को उनका सहयोग यूक्रेन संकट को बढ़ा देगा।''